आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 26 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-208 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 अक्टूबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### अंबिकापुर-दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन अब सुपर फास्ट

**अंबिकापुर,26 अक्टूबर।** सरगुजावासियों की बहुप्रतीक्षित अंबिकापुर-दिल्ली ट्रेन की मांग जुलाई 2022 में पूरी हुई थी। 19 जुलाई को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हजरत निजामुद्दीन-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 04044 को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसके बाद से यह साप्ताहिक चल रही थी। यह ट्रेन फूल एसी है। रेलवे ने सुविधा का विस्तार करते हुए इसमें स्लीपर कोच भी जोड़ा था। अब अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन को सुपर फास्ट कर दिया गया है। हजरत निजामुद्दीन-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन रेगुलर नंबर 22408 तथा अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन रेगुलर नंबर 22407 के नाम से चलेगी। हजरत निजामुद्दीन-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन दिल्ली से 6 फरवरी 2024 को होगा। यह ट्रेन 6 फरवरी की रात 11 बजे निजामुद्दीन से निकलकर 7 फरवरी की शाम 7 बजकर 22 मिनट पर अंबिकापुर पहुंचेगी। यानि 20 घंटे में दिल्ली का सफर तय होगा। फिर 8 फरवरी को अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन अंबिकापुर स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना होगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायगढ़ ,26 अक्टूबर।** रेलवे लाईन पार कर कंपनी में काम करने वाला एक कर्मचारी ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सुबह उस समय घटित हुई जब कृष्णा चौहान अपने साथ काम करने वाले लोगों से मिलने उनके डीपापारा मोहल्ला जा रहा था। मिली जानकारी अनुसार चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोलाईबहाल निवासी कृष्णा चौहान पिता चंदन सिंह चौहान 30 वर्ष जामगांव स्थित एमएसपी प्लांट में श्रमिक का काम करता था। ऐसे में रोज की तरह बुधवार को सुबह करीब 7.30 बजे के आसपास कंपनी जाने के लिए घर से निकला था। इस बीच वह अपने अन्य साथियों को साथ ले जाने के लिए जामगांव स्टेशन के पास लाईन पार करके डीपापारा जा रहा था। इस बीच डाउन लाइन नंबर तीन पर पहुंचा था कि एकाएक यात्री एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। जिसके चपेट में आने से उसका एक हाथ कट गया और सिर सहित अन्य जगह गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह को 10 दिन में मिला तीसरा नोटिस

**मनेन्द्रगढ़,26 अक्टूबर।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रेणुका सिंह द्वारा बिना पूर्व अनुमति लिये प्रचार-प्रसार करने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नोटिस जारी किया गया है. रेणुका सिंह के द्वारा 18 अक्टूबर 2023 को ग्राम पंचायत मंटोलिया, ग्राम पंचायत धोवाताल, ग्राम पंचायत भवरखोह, ग्राम पंचायत चुटकी ग्राम पंचायत खेतौली, ग्राम पंचायत बहरासी, ग्रमा पंचायत जनकपुर, ग्राम पंचायत खादाखोह में प्रचार-प्रसार किया गया था. जिसकी पुष्ट शिकायत रिर्टनिंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखित प्रतिवेदन के साथ की थी. जिला निवार्चन अधिकारी ने प्रत्याशी को 03 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा है.

# इस बार भाजपा वाले भी देंगे कांग्रेस को वोट : भूपेश बघेल



**रायपुर,26 अक्टूबर**

चुनावी सीजन में वादों और दावों का दौर भी जोरों पर है। जहां एक ओर सीएम भूपेश बघेल कर्जमाफी करने और धान की कीमत बढ़ाने का ऐलान कर किसानों को साधने में जुटी हुइ है तो दूसरी ओर भाजपा कांग्रेस के इस दांव का काट लाने की तैयारी में है। लेकिन इस बीच सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर कर बड़ी बात कही है।

सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा है कि इस बार भाजपा के लोग भी कांग्रेस को ही वोट करेंगे, क्योंकि वे जानते हैं कि कर्ज तो उनका भी माफ होता है, 20 क्विंटल/एकड़ धान तो उनका भी खरीदा जाएगा। पिछले 5 साल में कांग्रेस सरकार के काम से सब खुश हैं, तभी तो भाजपा नेता स्वामी आत्मानंद स्कूल में एडमिशन के लिए चिट्ठियाँ लिखते हैं। उनका भी है भरोसा बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार। गौरतलब है कि सीएम भूपेश बघेल ने हाल ही में किसानों की कर्जमाफी करने का ऐलान किया है। इससे पहले उन्होंने धान की कीमत में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया था। कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में किसानों का अहम योगदान होता है। ऐसे में सीएम भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी किसानों के लिए एक के बाद एक कई वादे कर रही है, जिसके बाद से ये कहा जा रहा है कि छत्तीसगझढ़ में कांग्रेस वापसी करने वाली है। हालांकि ऐसा कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि भाजपा ने अभी अपने पत्ते खोले नहीं है।

## सीएम के बेटे को नोटिस

# पीसीसी अध्यक्ष सहित आधा दर्जन लोगों के ठिकानों पर ईडी का छापा

**जयपुर,26 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव के ठीक पहले प्रवर्तन निदेशालय ने राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की। ईडी की यह कार्रवाई पेपरलीक मामले में की गई है। इसके साथ ही ईडी ने सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव को भी पूछताछ के लिए समन जारी किया है। वैभव पर फेमा कानून के उल्लंघन का आरोप है। सीएम अशोक गहलोत ने ट्वीट कर बेटे को समन जारी किए जाने की जानकारी दी है। इसके साथ ही ईडी ने निर्दलीय विधायक ओम प्रकाश हुडला के ठिकानों पर भी छापा मारा है। हुडला को कांग्रेस ने महुआ सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। हुडला के साथ ही उनके सहयोगी राजेंद्र गुप्ता, सुभाष बालाहेड़ी, ष्ट राजेंद्र गुप्ता और बिजनेस सहयोगी निधि शर्मा के घर भी ईडी की टीमें पहुंचीं हैं। ईडी की कार्रवाई से राजस्थान में सियासी पारा हाई हो गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा, 25 अक्टूबर को कांग्रेस ने राजस्थान की महिलाओं के लिए गारंटी लॉन्च की। 26 अक्टूबर को राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह जी डोटासरा के यहाँ श्ष्ठ की रेड। मेरे बेटे वैभव गहलोत को ईडी में हाज़िर होने का समन। अब आप समझ सकते हैं, जो मैं कहता आ रहा हूँ कि राजस्थान के अंदर ईडी की रेड रोज़ इसलिए होती है क्योंकि भाजपा ये नहीं चाहती कि राजस्थान में महिलाओं को, किसानों को, गरीबों को कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों का लाभ मिल सके। राजस्थान में पेपर लीक मामले में ईडी ने पिछले महीने कलाम कोचिंग सेंटर के संचालकों के ठिकानों पर कार्रवाई की थी। डोटासरा का बेटा कलाम कोचिंग सेंटर के संचालक मंडल में है। छापे के दौरान ईडी को पेपर लीक मामले से जुड़े कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। इस वजह से डोटासरा के घर पर ईडी ने दबिश दी है। आपको बता दें आरएएस भर्ती परीक्षा को लेकर कलाम कोचिंग सुर्खियों में है। कोचिंग से बड़ी संख्या में लोगों का चयन परीक्षा में हुआ था। कलाम कोचिंग का मामला विधानसभा में भी उठा था।

**तह तक जाएंगे- मोदी-**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पिछले दिनों राजस्थान में हुई आमसभा में कहा था कि मैं एक बात की गारंटी देना चाहता हूं कि पेपर लीक प्रकरण में राजस्थान के साथ जो धोखा हुआ है भाजपा उसकी तह तक जाएगी।

### मंत्री के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली,26 अक्टूबर।** कोलकाता में बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के आवास पर ईडी ने छापेमारी की है. ईडी के अधिकारी गुरुवार सुबह बंगाल के वन मंत्री के आवास पहुंचे. यह छापेमारी कथित राशन घोटाले से जुड़ी है जिसकी जांच ईडी कर रही है. ज्योतिप्रिय मलिक वन मंत्री बनने से पहले खाद्य मंत्री का कार्यभार संभाल रहे थे.

# हमास को आतंकवादी समूह घोषित करे भारत

**नई दिल्ली,26 अक्टूबर।** इजरायली दूत नाओर गिलोन ने कहा कि भारत के लिए हमास को आतंकवादी समूह घोषित करने का समय आ गया है। मीडिया के साथ एक विशेष ब्रीफिंग में बोलते हुए गिलोन ने कहा कि I22 और IMEC जैसी आर्थिक परियोजनाएं पटरी पर रहेंगी और इजरायली अर्थव्यवस्था चल रहे संघर्ष से अप्रभावित रहेगी। गिलोन ने अंतर्राष्ट्रीय सहायता प्रणाली को समझाते हुए कहा कि भारत एक बहुत करीबी सहयोगी है और भारत दुनिया में एक बहुत ही महत्वपूर्ण नैतिक आवाज़ है। जब आतंकवाद की बात आती है, तो भारत भी किसी ऐसे व्यक्ति के दृष्टिकोण से आ रहा है जो जानता है कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि यह इतने वर्षों से आतंकवाद का शिकार रहा है। विश्व के लोकतंत्र हमारे साथ हैं। मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि भारत आधिकारिक तौर पर हमास को एक आतंकवादी संगठन घोषित करे। कई देश- यूरोपीय संघ, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया - पहले ही ऐसा कर चुके हैं।



भारत ने आतंकवाद के खिलाफ इजराइल को समर्थन देते हुए हमास द्वारा 7 अक्टूबर को किए गए हमले को आतंकवादी हमला बताया है। साथ ही, भारत ने दो-राज्य समाधान और एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य के निर्माण के लिए अपना समर्थन दोहराया है। राजदूत गिलोन ने कहा कि उन्होंने हमास को आतंकवादी समूह घोषित करने के संबंध में यहां प्रासंगिक अधिकारियों से बात की है। यह पहली बार नहीं है जब हमने इसके बारे में बात की है। हम दबाव नहीं डाल रहे हैं. हम सोचते हैं कि यह कुछ ऐसा है जो उचित है। हमने हमले के बाद इसे उठाया और हम अभी भी बातचीत कर रहे हैं। यह एक दोस्ताना बातचीत है। हम आतंकवाद-निरोध और अन्य मुद्दों पर आमने-सामने देखते हैं।

उन्होंने तर्क दिया कि संघर्ष का इज़राइल की आर्थिक संभावनाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इज़राइल का एक अद्भुत अतीत और एक उज्जवल भविष्य है। दिन के अंत में, विकास का पथ जारी रहेगा। सबसे पहली ज़रूरी चीज़ है ख़तरे से छुटकारा पाना. एक बार जब हम खतरे से छुटकारा पा लेते हैं, तो हम सामान्य स्थिति में वापस आ सकते हैं, श्री गिलोन ने कहा। युद्ध ने इज़रायली अर्थव्यवस्था पर दबाव नहीं डाला है, जहां इज़रायली सरकार द्वारा पुरुषों और महिलाओं को सशस्त्र सेवा के आह्वान के बावजूद कार्यालय काम करना जारी रख रहे हैं। 7 अक्टूबर को इजरायली ठिकानों पर हमास द्वारा किए गए हमले के बाद शुरू किए गए इजरायली ऑपरेशन की वर्तमान स्थिति के बारे में दूत ने मीडिया के कई सवालों का जवाब दिया।



# एक बाइक पर 6 बच्चे...पुलिस अंकल, पापा को छोड़ दीजिए

**लखनऊ,26 अक्टूबर।** सोशल मीडिया पर एक फोटो काफी वायरल हो रही है. इस फोटो में एक शख्स को बाइक पर 6 बच्चों को बैठाकर सफर करते हुए दिखाया गया है. फोटो देखने के बाद यूजर्स शख्स पर भड़क उठे. उन्होंने ट्रैफिक नियम तोड़ने और बच्चों की जान जोखिम में डालने के लिए शख्स पर एक्शन की मांग की है. बताया जा रहा है कि 6 बच्चों को बाइक बैठाकर घुमाने वाला शख्स और कोई नहीं बल्कि उन मासूमों का पिता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना यूपी के वाराणसी की है. जहां हाल ही में एक शख्स बाइक पर 6 बच्चों को बैठाकर निकला तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया. पुलिसकर्मियों को यकीन नहीं हो रहा था कि भीड़-भाड़ वाले एरिया में शख्स इतना लापरवाह कैसे हो सकता है. उसकी गलती से बड़ी अनहोनी हो सकती थी. वायरल हो रही फोटो में दिख रहा है कि कैसे एक शख्स ने बाइक पर 6 बच्चों को बैठा रखा है.

# भाजपा के असली पन्ना प्रमुख बन गए हैं ईडी,सीबीआई,आईटी : खड़गे

**नई दिल्ली,26 अक्टूबर।** राजस्थान में प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी को बीजेपी का राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि चुनाव आते ही केंद्रीय एजेंसियां बीजेपी की असली पन्ना प्रमुख बन जाती हैं। परीक्षा पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय राजस्थान में लगभग एक दर्जन स्थानों पर तलाशी ले रहा है, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं के आवास भी शामिल हैं। एजेंसी ने मामले के सिलसिले में पिछले हफ्ते इसी तरह की छापेमारी की थी और 12 लाख रुपये नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए थे। वहीं, एजेंसी ने फेमा मामले में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को भी शुक्रवार को जयपुर या नई दिल्ली स्थित एजेंसी के कार्यालय में बुलाया है।

इसी को लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पोस्ट में लिखा कि चुनाव आते ही ईडी,सीबीआई,आईटी आदि भाजपा के असली पन्ना प्रमुख बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपनी निश्चित हार को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने चला अपना आखिरी दाँव! ईडी ने छत्तीसगढ़ के बाद राजस्थान में भी विधानसभा चुनाव अभियान में उतरते हुए कांग्रेसी नेताओं के ख़िलाफ़ कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही लोकतंत्र के लिए घातक है। हम एजेंसियों के दुरपयोग के ख़िलाफ़ लड़ते रहेंगे, जनता भाजपा को क़रारा जवाब देगी।

# इज़रायल ने गाजा में घुसकर मारना शुरू किया

**तेल अवीव,26 अक्टूबर।** इजरायल ने भले ही अभी तक गाजा पट्टी पर जमीनी हमले का ऐलान नहीं किया है, लेकिन आज उसके कुछ सैनिकों ने सीमा पर जमकर कहर बरपाया है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने गुरुवार को गाजा में कुछ समय के लिए प्रवेश किया। वापस लौटने से पहले हमास के कई ठिकानों पर हमला किया। इस दौरान कई आतंकी मारे गए। साथ ही आईडीएफ ने यह भी कहा कि टैंकरों और पैदल सेना के साथ आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया गया। उन्हें ध्वस्त कर सैनिक फिर वापस लौट आए। यह भी खबर आ रही है कि इजरायल के द्वारा लेबनान पर भी हमले जारी हैं। इन हमलों में आज हिजबुल्ला के दो और कमांडर मारे गए हैं। अब तक कुल 47 आतंकियों की मौत सिर्फ लेबनान में हो चुकी है। वहीं, इजरायल ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी के जवाब में मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) का उपयोग करके वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी लड़ाकों के खिलाफ हमला किया। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा थोड़ी देर पहले, आईडीएफ और इज़रायल सीमा पुलिस बलों ने जेनिन के क्षेत्र में वाडी ब्रुकिन में आतंकवाद विरोधी गतिविधियों का संचालन किया और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के संदेह में दो व्यक्तियों को पकड़ा। इसके अतिरिक्त, सेना ने सशस्त्र आतंकवादियों की ओर गोलीबारी की। जेनिन कैंप में आतंकवाद विरोधी गतिविधि के दौरान, सशस्त्र आतंकवादियों ने इजरायली सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की और विस्फोटक उपकरण फेंके। जवाब में एक आईडीएफ यूएवी ने आतंकवादियों पर हमला किया। बयान में कहा गया है कि इजरायली सुरक्षा बलों के किसी घायल होने की सूचना नहीं है। फिलिस्तीनी समूह हमास द्वारा गत सात अक्टूबर को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला करने और सीमा का उल्लंघन करने, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण करने के बाद फिलिस्तीनियों और इजरायल के बीच तनाव बढ़ गया है। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढ़ने से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

# कांग्रेस विधायक नंद जोगी कांग्रेस में शामिल

### पूर्व विधायक राय दूसरी बार जोगी पार्टी की शरण में

**रायपुर 26 अक्टूबर ।** जोगी कांग्रेस की नजर भाजपा-कांग्रेस के बागियों पर है। चांदनी भारद्वाज, आरके राय के बाद अब कांग्रेस के एक और बागी सच साबित हुए हैं। किस्मतलाल नंद को जोगी कांग्रेस ने अपनी पार्टी में शामिल कराया है। खबर है कि वो सरायपाली से ही जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी भी बनेंगे।



विधायक किस्मत लाल नंद को जोगी कांग्रेस ने अपने पाले में मिला है। अमित जोगी ने आज जोगी बंगले में किस्मत लाल नंद को जोगी कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। किस्मत लाल नंद कांग्रेस की टिकट पर 2018 में सरायपाली से चुनाव लड़े थे।

पुलिस विभाग में डीएसपी के पद से रिटायर हुए किस्मत लाल नंद को पार्टी ने टिकट दिया था। वो सरायपाली से चुनाव जीते भी थे, लेकिन पिछले दिनों कांग्रेस की जारी हुई लिस्ट में किस्मत लाल नंद को पार्टी ने टिकट नहीं दिया। चर्चा थी कि किस्मतलाल नंद अपना पाला बदल सकते हैं। कयास आज

बता दें कि राजेंद्र कुमार राय रायपुर में ट्रैफिक डीएसपी रहते हुए प्रशासनिक सेवा से 2011 में इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा. वे छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत प्रमोद कुमार जोगी के बेहद करीबी माने जाते हैं. उन्हीं के मार्गदर्शन में पार्टी का दामन थाम 2013 के विधानसभा चुनाव में गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की टिकट पर चुनाव मैदान में उतरा और 72770 वोट हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी पूर्व वीरेंद्र कुमार साहू को 21280 मतों के अंतर से मात देकर विधायक निर्वाचित हुए.

### जोगी कांग्रेस की तीसरी सूची जारी

**रायपुर,26 अक्टूबर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने आज अपने प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट जारी की है. इसमें 5 विधानसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवार घोषित किए गए हैं. जोगी कांग्रेस ने महासमुंद में नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग और लोरमी में सागर सिंह को मैदान में उतारा है. महासमुंद और लोरमी विधानसभा में अब त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है. बता दें कि महासमुंद में राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस नेत्री हैं. वहीं सागर सिंह कांग्रेस के जिलाध्यक्ष थे, पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने इस्तीफा देकर जोगी कांग्रेस ज्वाइन किया. अब अमित जोगी ने उन्हें लोरमी से टिकट दिया है.



**एशियन पेरा गेम्स : 2023, चीन के हांगझाऊ में 22 से 28 अक्टूबर तक खेला जा रहा है** jasclaudius@gmail.com

# केंद्र सरकार की खेल नीति ला रही है रंग

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मनुष्य के संसार में जन्म लेने के पश्चात कई तरह से एक दूसरे बच्चे में अंतर की चर्चा होती है। कही रंग में, कही अमीर-गरीब होने पर भेदभाव की शुरुवात हो जाती है। समय के परिवर्तन के साथ साथ मानव समाज में अब ऐसे बातों की ओर ध्यान कम दिया जा रहा है। इसी तरह सामान्य व असामान्य बच्चे को एक समान दृष्टि से देखने के लिए आज का आधुनिक शिक्षित वर्ग परिपक्व हो चुका है। सामान्य बच्चे में शारीरिक रूप से परिवर्तन नहीं होता जबकि असामान्य बच्चे में मानसिक या शारीरिक रूप से कमी पाई जाती है। दुनिया के प्रत्येक देश में ऐसे बच्चों के लिए अलग-अलग शिक्षा, रोजगार, खेलकूद के अवसर दिये जाने की परंपरा 20वींसदी के उत्तरार्द्ध से आरंभ है। शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों, किशोरों, युवाओं के लिए खेलकूद पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि ऐसे वर्ग के लोगों के मन में अपने आपमें हीनभावना पैदा न हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए खेलों की सबसे बड़ी व प्रतिष्ठित संस्था अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने बाकायदा प्रस्ताव पारित करके पेरा ओलंपिक खेल तथा महाद्वीपीय पेरा गेम्स के आयोजन का निर्णय लिया। इसकी शुरुवात 1948 में हुई लेकिन व्यवस्थित ढंग से 1960 में रोम ओलंपिक खेलों के दौरान पेरालिंपिक गेम्स आरंभ हुए 1960 में जहां 23 देशों के 400 एथलिटों ने भाग लिया वहीं 2020 के टोक्यो जापान पेरालिंपिक तक 163 देश में पेरालिंपिक कमेटी को मान्यता दी जा चुकी है और 4000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। असामान्य वर्ग के दिव्यांग प्रतिभागियों आमतौर पर मानसिक रूप से कमजोर या देखने, सुनने, चलने, बोलने में तकलीफ वाले या पैर, हाथ आदि में कुछ कमी वाले सम्मिलित हैं। ऐसे वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एशिया महाद्वीप में एशियाई खेलों के तुरंत बाद पैरा एशियाई खेलों के आयोजन की परंपरा 2010 में चीन के गुआंगझाऊ एशियाड के तुरंत बाद शुरु हुई। अब तीन बार क्रमशः 2014 में इंचिओन (दक्षिण कोरिया) तथा 2018 में जकार्ता (इंडोनेशिया) में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुकी है। इन दिनों चौथी पैरा एशियाड मुकाबले चीन के हांगझाऊ शहर में खेली जा रही है। केंद्र की वर्तमान सरकार दिव्यांगों की इस स्पर्धा के आयोजन के लिए काफी गंभीर है और भारत के खेल मंत्रालय के साथ भारतीय खेल प्राधिकरण ने अनेकों दिव्यांग खिलाड़ियों को पेरा एशियाड 2023 में अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए तैयार किया है। इस प्रतियोगिता में 22 खेल के मुकाबले 566 स्वर्ण पदकों के लिए हो रहे हैं। इसमें तीरंदाजी, केनोइंग, गोलबाल, टेबल टेनिस, व्हीलचेयर, बास्केटबाल, व्हीलचेयर तलवारबाजी, व्हीलचेयर टेनिस, रोड व ट्रेक सायकलिंग, तैराकी, नौकायन, बोसिया, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, चेस, गो (बोर्ड गेम्स), (फुटबाल 5 ए साइड), लान बाल्स, ताइक्वांडो, सीटिंग व्हालीबाल, निशानेबाजी, शक्तितोलन, जूडो शामिल है। 2010 में भारत ने एक स्वर्ण, चार रजत, नौ कांस्य सहित 14 पदक जीते थे। जबकि 2014 में तीन स्वर्ण, 14 रजत, 16 कांस्य सहित 33 पदकों पर कब्जा जमाया था। 2018 के जकार्ता पेरा एशियाड में भारत के जांबाज दिव्यांग प्रतिभागियों ने 15 स्वर्ण, 24 रजत, 33 कांस्य के साथ कुल 72 पदकों पर कब्जा जमाया था। 2022 का पेरा एशियाड कोरोना महामारी के कारण 2023 में हांगझाऊ में खेली जा रही है जिसमें हमारे खिलाड़ियों ने पिछले सभी कीर्तिमान को भंग करते हुए अब तक 18 स्वर्ण, 21 रजत, 38 कांस्य पदकों के साथ कुल 77 पदकों को जीत लिया है। भारत की इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खेलनीति को जाता है जिसका लाभ उठाकर हमारे प्रतिभा संपन्न दिव्यांग प्रतिभागी भारत का नाम रौशन कर रहे हैं।

## एक नजर

### बाजार में चाकू लहराता युवक गिरफ्तार




**भिलाई, 26 अक्टूबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र स्टेशन मरोदा के बाज़ार में चाकू लहराते एक युवक को पुलिस ने पकड़ा आरोपित के कब्जे से चाकू बरामद किया गया आरोपित युवक राहगीरों को चाकू दिखाकर धौंस जमा रहा था पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के कार्रवाई की है नेवई टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि स्टेशन मरोदा बाजार एरिया में एक व्यक्ति धारदार चाकू रखकर आने-जाने वालों के सामने लहरा रहा है सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ा पूछताछ करने पर आरोपित ने अपना नाम केवलदास मानिकपुरी (22) निवासी एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा बताया ।

### जुआ खेलते 10 लोगों को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई, 26 अक्टूबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र जुआ खेल रहे 10 आरोपितों को पुलिस ने पकड़ा। उनके खिलाफ पुलिस ने सीजी 2022 जुआ एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की छावनी बस्ती में जुएं का फड़ लगा हुआ है उसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कार्रवाई की जामुल टीआई केशव राम कोसले ने बताया कि छावनी बस्ती के पास गली में बिजली खंभा के नीचे दबिश दी, जहां से जुआ खेल रहे हर्थखोज बजरंग पारा थाना भिलाई तीन निवासी रविंद्र चौहान, इंदिरा नगर वैशाली नगर कृष्णा यादव, गणेश मंदिर बालाजी नगर खुर्सीपार अरविंद पर्वत, ग्राम दौर चौक थाना जामुल शिव बंजारे, लेबर कालोनी जोन-तीन खुर्सीपार राजेंद्र कुमार, दुर्गा मंदिर जोन- एक खुर्सीपार ए. राम चंद्रन, छावनी बस्ती सतनामी पारा जामुल अक्कू कुर्रे, अंकुश चौक जामुल अमित कुमार, मिलन चौक कैंप-दो भोला शाह, मंगल बाजार छावनी मोहम्मद जैनुद्दीन को गिरफ्तार किया गया जुआरियों के पास से पुलिस ने 70 हजार 30 रुपये बरामद किया है पुलिस ने बताया कि जुआरियों को जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

### मकान का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** भिलाई सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर गहने व नकदी चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है जिले में चोरी की घटना लगातार हो रही हैं चोरी की लगातार होती वारदात पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर ईस्ट निवासी अनिल ठाकरे ने सूचना दी कि 19 अक्टूबर को वह अपनी पत्नी के साथ जबलपुर रिश्तेदार की बरसी में गया था पड़ोसियों द्वारा फोन से सूचना कि उनके घर के मुख्य द्वारा का ताला टूटा हुआ है। पड़ोसियों ने चोरी का संदेह जताया वापस आकर देखा तो घर के दरवाजे का ताला टूटा था अज्ञात चोर ताला तोड़कर 22 हजार रुपये नकद के साथ कुछ सोने-चांदी के गहने चोरी कर ले गया।

### जुआ एक्ट के तहत 8 युवक पकड़े गए

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** भिलाई साथ आठ युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सटोरियों को छत्तीसगढ़ 2022 जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है दुर्ग सीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मिलपास व डिपरापारा में जीत- हार का दांव लगाए जाने की जानकारी मिली पुलिस ने दबिश दी मौके से मिलपारा दुर्ग निवासी आशीष देशमुख, योगेश यादव, गवली. पारा चंद्रशेखर यादव, शिवपारा रुपेश यादव, वार्ड- तीन दुर्ग टिकेश्वर उर्फ बब्लू साहू, गया नगर महावीर साहू, कंडरापारा विजय सोनी को गिरफ्तार किया गया।

### भाजपा के नेता व कार्यकर्ता अफवाह फैला कर जीतना चाह रहे हैं चुनाव:देवेन्द्र

**भिलाई।** भिलाई नगर से कांग्रेस के प्रत्याषी देवेन्द्र यादव ने आज अपने निवास स्थान सेक्टर 5 में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज से सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में माथा टेककर हमने कार्यकर्ताओं व जनता के साथ मिलकर विष्वास यात्रा व चुनावी पदयात्रा का आगाज कर दिया है। हम पैदल लोगों के बीच पूरे विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेगे। ये विष्वास यात्रा जनता के बीच जायेगी सभी जनता हम सबके परिवार के लोग है, मेरा ऐसा मानना है कि सौ प्रतिषत मतदान की जो मुहिम हमारी है उसे मजबूत करेंगे। लोकतंत्र को मजबूत करने सभी लोगों का भागीदारी आवष्यक है। सबसे अधिक पोलिंग करके षहर के मतदाता इस मतदान में अपना रिकार्ड बनायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मेरे ईडी के मामले में भाजपा के नेता ज्यादा अच्छे से बता पायेंगे। उनके कार्यकर्ता ठेले खोमचे में बैठकर ईडी को लेकर तारीख और अफवाह फैलाने का काम कर रहे है। कभी वे बोलते है कि 23 सितंबर कभी बोलते है 10 अक्टूबर व फिर 25 अक्टूबर लेकिन मै षुरू से कहते आया हूं कि ईडी से ये लडाई कानूनी तौर पर लडूंगा और जितूंगा भी। भाजपा के नेता सिर्फ अफवाह फैलाने का काम करते हैं । अफवाहों का बाजार वह चुनाव तक गर्म रखेंगे।

## बाबा दरबार धनोरा में हवन,पूजन व भंडारा के बाद कलश यात्रा निकाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 26 अक्टूबर।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में आयोजित शारदीय नवरात्रि महोत्सव के दिन रविवार को शाम 4 बजे महाअष्टमी हवन का कार्यक्रम दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा संपन्न किया गया जिसमें हवन कार्यक्रम में मुख्य रूप से दरबार के नंद पंडा मनोज पटेल गज्जू रायपुरीया बबलू साहू जीवराखन ठेकेदार भोलू साहू चीन्टू साहू दिनेश साहू ओमकार साहू विनोद साहू राजू यादव आदि मौजूद रहे हवन के बाद नौकन्या वो का पुजा पाठ करके कन्या भोज कराया गया और उपहार दे कर विदा किया गया तत्पश्चात् दरबार में महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें करीब 5 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया अंतिम दिन सोमवार को शाम 4 बजे दरबार से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं अपने सर पर कलश रखकर पैदल निकली जो कि बजरंग पारा बाजार चौक मेनगली होते शितला पारा होते गली भ्रमण करते हुए चलते रहे जगह जगह भकत गन ज्योति कलश की पुजा अर्चना करते रहे एवं माता रानी की जय कारा लगाते हुए साथ साथ चलते हुए आगे बढ़ते रहे आगे आगे गुलाब साहू एवं हेमंत तेली जस गायक के द्वारा माता सेवा गाते हुए चल रहे थे बड़ी संख्या में देवता झुपत साथ साथ चलते रहे आगे आगे गज्जू रायपुरीया हांथ में खप्पर लिए चल रहे थे विसर्जन शोभा यात्रा देखने के लिए पुरे गांव उमड़ पड़े एवं दुर दुर से भी भक्त लोग इस विसजर्न कार्यक्रम में सामिल होने पहुंचे थे शितला तालाब में ज्योति विसर्जन करके फिर ज्योति दरबार पहुंचे जहां पर शोभा यात्रा समाप्त किया गया पहाड़ी चौक गुढ़यारी रायपुर से पहुचे सांग बाना छोटे छोटे बच्चे ने अपने शरीर मुंह में बांणा गड़ा कर खुब नाचते रहे इस सांग बाना देखने पुरा गांव उमड़ पड़े थे इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरा नौ दिन तक अपने सेवा दे रहे थे विनोद साहू राजू यादव विनोद साहू मनोज पटेल गज्जू रायपुरीया बबलू साहू जीवराखन ठेकेदार भोलू साहू चीन्टू साहू दिनेश साहू ओमकार साहू सुनील कहार मुनना गंधर्व योगेश साहू उमेश साहू डॉ धनेशवर साहू मारियल साहू गुमान टीकम बाबू लाल साहू ठेकेदार एमलाल देवांगन कल्याण देवांगन दिनेश यादव हरिश रैकवार रोशन साहू केदार मंडल सुंदर स्प्रे कुंज लाल साहू कुंभकरण पटेल वासुदेव सपरे उपसरपंच कुणाल साहू संदीप सेन श्रीमती बबीता साहू ललीता यादव सुनीता साहू नीरा साहू अंजू देवांगन कौशिल्या सेन दशरी बाई पटेल टीकेशवरी साहू दुर्गा साहू लक्ष्मी साहू देवश्री साहू देवकी साहू संगीता सपरे हितेश पटेल कौशिल्या सेन कु पुजा साहू कु डिम्पल साहू कु वेदू साहू कु नेहा कु सुरुचि छोटी आदि भक्तों ने विशेष सहयोग दिया यह जानकारी दरबार प्रति नीधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी ।

## रेलवे सुरक्षा बल ने सामान की बोगी से 14 किलो गांजा किया बरामद



**भिलाई,26 अक्टूबर।** भिलाई रेलवे सुरक्षा बल द्वारा विभिन्न ट्रेनों में मादक पदार्थों की तस्करी सहित संदिग्धों पर कार्रवाई के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस की सामान्य बोगी में जांच के दौरान दो बैग में 14 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया दुर्ग रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट टीआई एसके सिन्हा ने बताया कि साथ के मंडल टास्क टीम दुर्ग, एसआइबी दुर्ग, टास्क टीम बीएमवाई, टास्क टीम नागपुर, एसआइबी डोंगरगढ़ के साथ छत्तीसगढ़ चुनाव के मद्देनजर रेलवे स्टेशन दुर्ग पर चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस की सामान्य बोगी को आगमन पर चेक किया गया मुखबिर के बताए आधार पर उक्त कोच के शौचालय के पास दो बैग व एक थैला लावारिस मिला, जिसे रेलवे स्टेशन दुर्ग के प्लेटफार्म नंबर दो के नागपुर छोर पर उतार कर जांच की गई उसमें मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया, जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर बरामद मादक पदार्थ गांजा सहित संपूर्ण कागजात के साथ शासकीय रेल पुलिस चौकी दुर्ग को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया

निगम का अभियान...



### सड़क पर घूमने वाले मवेशियों की धरपकड़ जारी

**भिलाईनगर ।** निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों से घूमंतु मवेशियों को निगम की टीम अभियान चलाकर पकड़ रही है। इसी दौरान स्मृतिनगर में एक गाय को अज्ञात वाहन द्वारा चोटिल किए जाने की सूचना निगम टीम को प्राप्त हुई और निगम की टीम मौके पर पहुंचकर चोटिल गाय को मशक्कत के बाद काउ कैचर के माध्यम से श्रीकृष्ण गौशाला जीव रक्षा केन्द्र छातागढ़ में ले जाकर छोड़ा गया जहां गाय का ईलाज किया जा रहा है। आपको बता दे कि निगम ने सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त होने वाले पशुधन के लिए शहरी गोठान में पशु चिकित्सालय केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति निगम द्वारा प्रदान कि गई है जिसके खुल जाने से दुर्घटना में घायल मवेशियों को गोठान में भी पर्याप्त ईलाज हो पाएगा।

## रावण पुतला दहन के बाद हुई आतिशबाजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन, 26 अक्टूबर।** राम छाटा में आज असत्य पर सत्य की जीत की प्रतीक विजयदशमी पर्व धूमधाम से आदर्श नवयुवक दशहरा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी की सहयोग से मनाया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष कमलेश चेलक एवं संचालक तुलाराम खुटीयारे के मार्गदर्शन में समस्त कलाकारों द्वारा प्रस्तुति किया एवं समस्त ग्रामवासी दशहरा उत्सव के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेकर रावण का पुतला दहन के आतिशबाजी में उत्सवर्धन मैं सम्मिलित हुए इस प्रकार कार्यक्रम को सुचारू रूप से प्रस्तुत किया अंगद संवाद से से लेकररावण का पुतला दहन वध का कार्यक्रम दिखाया गया जिसमें समस्त कलाकार कब भूमिका इस प्रकार रहा गजेन्द्र चेलक ( राम ) नीरज चेलक ( लक्ष्मण ) नेत राम रात्रे ( हनुमान ) राजू चेलक ( विभीषण ) ऋतिक चेलक ( रावण ) विकास चंदेल ( दूत ) साहिल रात्रे ( रावण पुत्र राजकुमार ) अन्य पात्र गण सुखचंद चेलक विजय कुमार चेलक व्यासगण पन्नालाल कुटियारे शंकर लाल रात्रे राजेंद्र कुमार देश लहरे हर सेवक चालक अंजोर दास चंदेल नारायण प्रसाद कुटियारे एवं तुलसीराम कुटियारे इत्यादि लोग ने कार्यक्रम में भाग लेकर गांव की शोभा बढ़ाएं इस कार्यक्रम को रावण के रूप देने के लिए रूपेश चेलक दीपेस कुमार कोटियारे खिलावन देशलहरें नरेश चंदेल ओंकार दास टंडन भानु टंडन कमलेश ग्रेवाल के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ।

### 37वीं राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ राज्य को स्वर्ण पदक मिला

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** 37वीं राष्ट्रीय खेल का आयोजन राज्य शासन गोवा के द्वारा गोवा में दिनांक 26 अक्टूबर से 9 नवम्बर 2023 तक भारतीय ओलम्पिक संघ एवं गोवा ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय खेल में वेटलिफ्टिंग (भारोत्तोलन) खेल का आयोजन कैम्पल ओपन ग्राउण्ड (कैम्पल स्पोर्ट्स विलेज), पणजी, गोवा में दिनांक 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया जा रहा है।आज दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय खेल के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ राज्य की ज्ञानेश्वरी यादव ने 49 कि.ग्रा. वर्ग में स्नैच में 80 कि.ग्रा. तथा क्लिन एवं जर्क में 97 कि.ग्रा. सहित कुल 177 कि.ग्रा. वजन उठाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। दूसरे स्थान पर हरियाणा की प्रीति रही जिसने स्नैच में 79 कि.ग्रा. तथा क्लिन एवं जर्क में 95 कि.ग्रा. सहित कुल 174 कि.ग्रा. उठाकर रजत पदक तथा उड़ीसा की झिल्ली डाला बेहेरा ने स्नैच में 73 कि.ग्रा. तथा क्लिन एवं जर्क में 94 कि.ग्रा. सहित कुल 167 कि.ग्रा. वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया।

## प्रगति यात्रा के बाद अब विधायक निकालेंगे विश्वास यात्रा



**भिलाई।** भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव लगातार जनता से जुड़े है। उनके संपर्क है। वे पहले विधायक हैं जो लगातार जनता से मिलते है। लोगों के वार्ड में जनता के बीच जाकर लोगों के घर-घर जाकर लोगों का हालचाल पूछते है और समस्याओं का समाधान करते हैं।

विधायक बनने के पहले महापौर के कार्यकाल से विधायक देवेंद्र यादव लगातार भिलाई की भलाई और जनता की सेवा में लगे हैं। इस 5 साल के विश्वास, इस 5 साल के रिश्ते को और मजबूत करने के लिए अब विधायक श्री यादव 25 अक्टूबर शाम 5 बजे हनुमान मंदिर सेक्टर 9 से विश्वास यात्रा की शुरूआत कर रहे है। विधायक श्री यादव ने इसके यात्रा के संबंध में बताते हुए कहा कि 5 साल उन्होंने जनता की सेवा। इस ?सेवा के बीच जनता से जो प्रेम संबंध, जो अटूट रिश्ता बना है। इस रिश्ते को और मजबूत करने के लिए वे यात्रा कर रहे हैं। आप को बता दे कि इससे पहले विधायक देवेंद्र यादव ने भिलाई संकल्प यात्रा निकाली। फिर आमजन के साथ वार्ड के बैठकर चाय पर चर्चा की। इसके बाद कोरोना काल आया। तब भी विधायक देवेंद्र यादव लोगों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे और ऑनलाइन संवाद किए। लोगों की मदद की। इसके बाद हर वार्ड के हर गली मोहल्ले में चौपाल लगाकर भेंट मुलाकात किया गया। तब विधायक देवेंद्र यादव खुद हर घर तक पहुंचे और लोगों से मिले। इन सब के बाद अब प्रगति यात्रा की शुरूआत करने वाले है। 19 अगस्त से 251 किलोमीटर की प्रगति यात्रा की थी। इसके बाद अब विश्वास यात्रा शुरू कर रहे हैं।

## युवा खेल एवं सांस्कतिक मंडल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया दशहरा,आतिशबाजी रही आकर्षण का केंद्र

**भिलाई।** युवा खेल एवं सांस्क्रतिक मंडल द्वारा सेक्टर 7 दशहरा मैदान में प्रतिवर्ष होने वाले विजय दषमीपर्व के 28वें वर्ष में हाई स्कूल मैदान में दषहरा पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जहां आंध्रप्रदेष के काकीनाडा का आतिशबाजी व आईपीएल स्तर की आकाशीय रंगबिरंगी अतिशबाजी बेहद ही आकर्षण का केन्द्र रहा। जबलपुर का आर्गनिक बैंड के संगीतमय कार्यक्रम ने षमा बांधा और भक्ति गीतों व भजनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों व गीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। इस संगीतमय कार्यक्रम की एंकरिंग एश्वर्या साहू ने किया। कार्यक्रम को और अधिक भव्यता प्रदान करने बॉलीवुड की तर्ज पर स्टेज बनाया गया था जिसमें लगे बडी एलईडी स्क्रीन, डिस्को लाईट व ट्रस को लोगों ने बहुत ही सराहना की। इस भव्य दषहरा में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय शामिल हुए। वहीं विषिष्ट अतिथि के रूप में श्याममूर्ति राजू, समाजसेवी उदय राव, वैशाली नगर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रिकेश सेन व श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा जिलाध्यक्ष मनीष पाण्डेय उपस्थित थे। इस अवसर पर युवा खेल एवं सांस्क्रतिक समिति के अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और भिलाई दुर्ग की जनता को इस आयोजन को सफल बनाने में ह्रदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय बघेल ने भारी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बडे ही भव्यता के साथ सेक्टर 7 में दशहरा का आयोजन किया जा रहा है। यहां उपस्थित सभी को प्रणाम करता हूं, युवा साथियों का अभिनंदन है, आप सभी को विजय दशमी की बधाई देता हूं और भगवान राम से प्रार्थना करता हूं कि सभी के जीवन में सुख सम्रद्धि हो, सब में एकता हैं, हमारी बोली पहनावे अलग है, तीज त्यौहार अलग है सभी लोग एक साथ भाईचारे का साथ हम यहां रहते है। सबके घर के बच्चे संस्कारवान बने ऐसी कामना मैं भगवान राम व माता दुर्गा से आशीर्वाद मांगकर करता हूं। वहीं मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने जोशिला नारा लगाया। इसके साथ ही युवा खेल एवं सांस्क्रतिक मंडल के अध्यक्ष चन्ना केशवलू और समिति के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं । यहां उपस्थित माताएं, बहने व युवा आज हम सभी विजय दषमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं, 9 दिन तक माता दुर्गा जी की आराधना व तपस्या करके तथा उपवास रखकर हमारे द्वारा शक्ति का अर्जन करते हैं। भगवान राम ने भी लंका पर चढाई की थी, इसके लिए उनके द्वारा भी महादेव सहित अनेकों देवताओं का पूजन किया गया था, ये उनको संषय था कि मैं लंका पर विजय प्राप्त कर लूंगा तो अंत में भगवान राम ने मां दुर्गा की अराधना की और उनके पूजन के लिए सौ कमल का फूल चढाना था लेकिन उसमें एक फूल कम था, माता ने कहा कि क्यों ना इनके साधना की परीक्षा ली जाये। भगवान राम अपनी आंख निकालने वालें ही थे तभी माता



प्रकट हुई और भगवान श्रीराम को लंका पर विजयश्री का आशीर्वाद दिया। इसलिए भगवान राम को कमल नयन भी कहा जाता हैं। रावण जैसे बलषाली व अत्याचारी पर विजय भगवान राम ने प्राप्त की। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक वर्ष हम रावण दहन कार्यक्रम में ये जानकर भी आते और जाते है कि रावण का पुतला कागज का है, जल जायेगा, फिर भी हम अपने अपने साधनों से यहां पर आकर घंटो इंतजार करते हैं, कि कब ये पुतले का दहन होगा। असत्य, अत्याचारी, दूराचारी के विरूद्ध सबके मन में भाव रहता है, कि सत्य हमेषा धर्म के साथ है, उन्होंने एक फिल्म का उदाहरण देते हुए कहा कि फिल्म हम सभी देखते है जिसमें खलनायक कमजोर व पीडित के साथ मारपीट करता है, लेकिन नायक आकर खलनायक को जब सजा देता है तो हम भी खुष होते है, हम अन्याय, अत्याचार, दूराचार सहन नही कर सकते यही सनातन है। सनातम धर्म को मानने वाले लोग हमेशा सत्य, धर्म व न्याय के साथ खडे रहते है। सिनेमा भी यही कहता है। भाव असली हैं, इसलिए सनातन हमेषा रहे, अन्याय को जो लोग महसूस करते है। न्याय तडपता है, अन्याय के साथ रहते है फिर भी न्याय की इच्छा रहती है। बलशाली रावण का भाई विभिषण भी लंका में रहते हुए अन्याय को देख रहे थे और समझ रहे थे, विभिषण ने अंत में धर्म, अधर्म, सत्य और असत्य, अत्याचार व अंधकार के साथ खडे हुए रावण का अंत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मायावी रावण ने माता सीता का हरण किया था। जब युद्ध में भगवान राम उनके उपर बाण चलाते थे, चूंकि रावण मायावी था और उसके नाभि में देवी देवताओं से मिला वरदान अम्रत था। राम के बाण से रावण क्षतविक्षत होता था और फिर अपने रूप में आ जाता था, उसने सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर विशिष्ट सिद्धि प्राप्त की थी। राम रावण के चरित्र में ये फर्क था कि रामदल में मायावी लोग नही थी जबकि रावण के दल में मायावी लोग बडी संख्या में शामिल थे। रावण ने साधु के भेष में माता सीता का हरण किया था। हनुमान जी जब संजीवनी बुटी लेने गये उस समय भी ये मायावी उनको रास्ता भटकाने का काम किया था। सनातन धर्म लगातार हजारों वर्षो से चला आ रहा रहा है और आगे भी बढ रहा है, आज यहां भी मायावी लोग समाज में घूम रहे हैं। समाज में इस राम के चरित्र को निभाने व उसकी संस्क्रति को मूलरूप से आत्मसात करने की आवष्यकता है। राम ने जो वन वन भटक कर तपस्या की थी वह कठिन तपस्या थी, रामचरित को मानने की परंपरा आज भी कायम है, रामभक्तों की संख्या बढ रही है, राम के स्वरूप को पहचानना जरूरी है। आज समाज में झूठ, नषा व अपराध का बेहद बोलबाला है। उन्होंने रावण के भाई कुंभकरण का उदाहरण देते हुए कहा कि कुंभकरण युद्ध के लिए तैयार नही था, इसलिए उसको खूब नषा कराया गया जब वह नषे में डूब गया है तब युद्ध के लिए तैयार हुआ। नशा अपराध को प्रारंभ करने की पहली सीढी है। असुर लोग भी इस काम को करते थे, इसे समूल नष्ट करने की जरूरत है। भगवान राम लंका पर जीत के बाद 15 दिन पष्चात जब अयोध्या पहुंचे तो अंधकार को प्रकाश में बदल दिया। विजयदशमी के दिन यह संकल्प लें कि नषा व अपराध को समूल नष्ट करने में यथासंभव भूमिका का निर्वहन करेंगे तब सही मायने में विजय दशमी का पर्व मनाया जायेगा। विजय दषमी के 15 दिन पष्चात जब रामचंन्द्र जी अयोध्या पहुंचते है तब उत्सव होता है और अंधकार को प्रकाष में बदलते हैं , आपके अंदर व बाहर सारे अंधकार दूर हो। इस अवसर पर विषिष्ट अतिथि रिकेष सेन ने कहा कि हमारे जीवन में वैभव, यष सम्रद्धि बनी रहे। विजय दषमी की सभी को बधाई देता हूं और भगवान राम से प्रार्थना करता हूं कि सभी के जीवन में यष बना रहे। वही इस दौरान श्रीरामजन्मोत्सव समिति के युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने कहा कि विगत सत्ताईस सालों से भव्य दशहरा का आयोजन सेक्टर 7 के इस मैदान में किया जाता रहा है। 28 वें वर्ष में चन्ना केषवलू व उनके टीम को बधाई देने के साथ ही यहां आई माताएं, बहनें, भाईयों व बुजुर्गो को विजय दषमी की षुभकामनाएं देता हूं। उन्होनें आगे कहा कि आने वाली दिवाली हम सबको भव्य रूप से मनानी चाहिए क्योंकि हजारों साल जो स्वप्न सनातन धर्म में आस्था रखने वालों ने देखा था, कई स्वयं सेवकों ने अपनी जान निछावर की है सिर्फ इस चीज के लिए कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए। आने वाली जनवरी 22 को हमारे देष के प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने जो सकल्प लिया था और उनके उस संकल्प के कारण ही आने वाले समय में राष्ट्र और विष्व का मंदिर बनने जा रहा है, आस्थाओं का मंदिर बनने जा रहा है, इस लिए हम सब आने वाली दिवाली ऐसे मनाये जैसे रामजी अपने घर में वापस जा रहे है, अयोध्या में जा रहे है नही तो कई वर्षों में कई लोगों ने रामजी को टेंट में रखा हुआ था, लोग ये भी कहते थे कि वहां राममंदिर नही बनना चाहिए कि वहां पार्क, स्कूल हॉस्पिटल बनना चाहिए, लेकिन यह पीएम मोदी का ही संकल्प था कि सब आज सनातन धर्मियों का राममंदिर बन रहा है। भिलाई के बारे में जरूर ये बात कहना चाहूंगा भिलाई ऐसी नगरी है कि तीन सौ पैंसठ दिन चलती है, यह मिनी इंडिया है और इसे मिनी इंडिया इसलिए कहा जाता है कि यहां गणेष पूजा भी भव्य रूप से एक नही एक एही सडक में 8 आठ की संख्या में होती है। दूर्गा पूजा पहले एक होती थी अब उसकी संख्या भी लगातार बढ गई है।

# कलेक्टर ने जिले के अंतर्राज्यीय सीमावर्ती ग्राम कल्लूबंजारी चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



राजनांदगांव 26 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह विधानसभा निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अंतर्राज्यीय एवं जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने जिले के सीमावर्ती ग्राम कल्लूबंजारी चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात स्थैतिक निगरानी दल, आबकारी, वन एवं पुलिस विभाग की टीम से बात की। सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के तैनात जवानों से भी बात की। उन्होंने चेकपोस्ट में आने-जाने वाली गाडियों की जांच के लिए लगे सीसीटीवी कैमरा और रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 को देखते हुए वाहनों की कड़ाई से जांच करें। उन्होंने कहा कि कल्लूबंजारी के आगे से महाराष्ट्र राज्य लग जाता है। जिले की अंतिम छोर की सीमा होने के कारण कल्लूबंजारी चेकपोस्ट में अधिक सावधानी के साथ सभी गाडियों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात स्थैतिक निगरानी दल एवं सभी टीम को सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल से कहा कि अंतर्राज्यीय सीमा से जुड़े होने के कारण यहां से अवैध शराब परिवहन, जुआ, पैसों का लेन-देन, अवैध सामग्रियों का परिवहन एवं अन्य अपराधिक गतिविधियां होने की अधिक संभावना है, जिस पर रोक लगाया जा सकेगा। इसके लिए सभी को सजग रहकर सभी वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत श्री एसके ओझा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने डोंगरगांव ब्लाक के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

राजनांदगांव 26 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के मतदान केन्द्र शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्था बीटीआई डोंगरगांव और मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला सेवताटोला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्रों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्र में प्रदर्शित विधानसभा का नाम, मतदान केन्द्र क्रमांक, मतदान केन्द्र में सम्मिलित क्षेत्र, मतदान तिथि, मतदान का समय और मतदाताओं की संख्या सहित अन्य जानकारी का अवलोकन किया। जिससे मतदाताओं को सुविधा होगी। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र में रैम्प और दो-दो व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदान दिवस के दिन 7 नवम्बर 2023 को दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की मदद के लिए स्काउट एवं एनसीसी के विद्यार्थियों को सहयोग के लिए लाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने होम वोटिंग के संबंध में सीएमओ से जानकारी ली। मतदान केन्द्र में वेबकास्टिंग, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, दिव्यांगों के रैम्प एवं व्हीलचेयर की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में सभी




आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्व करें। उन्होंने अधिकारियों को बीएलओ से घर-घर जाकर जिम्मेदारीपूर्वक मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची वितरण करने के लिए निर्देशित करने कहा। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव, सीएमओ डोंगरगांव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार स्थित स्ट्रॉग रूम का किया निरीक्षण

**रायपुर 26 अक्टूबर** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव सामग्री के वितरण और आने की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। डॉ भुरे ने कहा कि जिन विधानसभाओं की ईवीएम स्ट्रॉग रूम में रखी जानी है, उसमें सारी व्यवस्था पुख्ता की जाए। जहां मतगणना होनी है वहीं पर ईवीएम की कमिशनिंग भी की जानी है। इस संबंध में उपयुक्त इंतजाम किए जाएं। पुलिस विभाग सुरक्षा के साथ-साथ सेजबहार के रास्ते यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित करें। यथास्थान सीसीटीव्ही भी लगाएं। यह ध्यान रखें कि ड्यूटी में आए कर्मचारियों को यथासंभव सुविधा मिले।

# ग्राम पंचायत परसापानी में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

नगरी26 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

आदिवासी विकासखंड के ग्राम पंचायत परसापानी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास गांव के गणमान्य नागरिकों के समक्ष महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना नगरी द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके तहत् शत् प्रतिशत् मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया एवं मताधिकार को अपना सबसे बड़ा अधिकार बताते हुए मतदान में अधिक से अधिक लोगों को हिस्सा लेने की अपील की गई।

इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना नगरी (सिहावा) के मैदानी कर्मचारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परसापानी श्रीमती कल्याणी ग्वाल अछोली से श्रीमती कालिंद्री तथा




ग्राम परसपानी के गणमान्य नागरिक मानक लाल साहू नंदलाल साहू पन्नालाल कश्यप निर्मल कुमार साहू, सुशील साहू भुवनेश्वर कुंजाम,अमरचंद मरकाम दिनेश कुमार पटेल,घनश्याम साहू विदेश मंडावी,सुखचंद मंडावी,कुशल मरकाम,किशोर मरकाम,रामेश्वर साहू लक्ष्मीनाथ अग्रवानी, महेंद्र कुमार मंडावी, योगेश मंडावी,गुमान सिंह मंडावी,वीरेंद्र सलाम कन्हैया अग्रवाणी भोलानाथ पीला दास निषाद,सुमित यादव,जोहरी लाल यादव भारत ग्वाल,एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे इस अवसर पर उपस्थित सभी ग्राम वासियों द्वारा मतदान में संत प्रतिशत हिस्सा लेने हेतु ग्राम के समस्त मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया

# गरीबों के जीवन में भाजपा सरकार ने क्रांतिकारी परिवर्तन लाया

राजनांदगांव26 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ. रमन सिंह आज अपने प्रचार अभियान के महत्वपूर्ण चरण रोड शो के माध्यम से जनसंपर्क करते हुये पटरी पार क्षेत्र को छान मारा। सबसे पहले वे गौरी नगर पहुंचे जहॉ सैकड़ों की संख्या में उपस्थित नागरिकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया।

डॉ. सिंह के पहुंचते ही चारो तरफ पटाखें फूटने लगे। कार से उतरते ही लोग स्वागत के लिये उमड़ पड़े, फूलों की वर्षा होने लगी, फूल-मालाओं से उन्हे सराबोर कर दिया गया, पूरा माहौल डॉ. रमन सिंह जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान



उपस्थित नागरिकों व महिलाओं की भारी भीड़ को संबोधित करते हुये डॉ. सिंह ने कहा कि उनके डेढ़ दशक के कार्यकाल में गौरी नगर सहित क्षेत्र में विकास के सारे बहुप्रतिक्षित कार्य हुये, गौरी नगर अंडरब्रीज का काम प्रारंभ हो चुका है, दिल्ली से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होनें अपने कार्यकाल में समाज के सभी वर्गो के लिये चाहे वह आम नागरिक हो, किसान हो, मजदूर हो, व्यवसाय जगत से जुड़े लोग हो प्रत्येक के लिये योजना बनाकर कार्य किया वह उन्हे उनका समुचित लाभ दिलाया। एक रूपये किलों चॉवल की उनकी योजना बेहद लोकप्रिय रही इससे गरीबों के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है, शहर के विकास का कीर्तिमान स्थापित हुआ, स्मार्टकार्ड के जरिये नागरिकों को ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई, मुख्यमंत्री सड़क योजना से एक-एक गॉव को जोड़ा गया, सिंचाई सुविधाओं का व्यापक विस्तार हुआ, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को एक सशक्त माध्यम बनाकर उसे स्थापित किया गया। सबका साथ-सबका विकास एवं सबका विश्वास इन्ही नीतियों को अंगीकार कर व सदैव आमलोगों की सेवा में हमेशा समर्पित रहेंगे। संबोधन के पश्चात् श्री सिंह गौरी नगर स्थित मॉ शीतला मंदिर में जाकर पूजा-अर्चन कर माथा टेका एवं आशीर्वाद लिया एवं इसके बाद उनका भव्य विशाल रोड शो व जनसंपर्क का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो स्टेशनपारा पहुंचा, जहॉ स्टेशनपारा तिराहे में उनका जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात् काफिला आगे चिखली, शांति नगर की ओर बढ़ा, जनसम्पर्क करते हुये पुराना ढाबा पहुंचे यहॉ से नया ढाबा तक उनका रोड शो संपन्न हुआ।

# व्हाइट कोट सेरेमनी: नवप्रवेशित चिकित्सा छात्रों का शपथ ग्रहण

रायपुर26 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में एम. बी. बी. एस. प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों को चिकित्सा आचार संहिता की शपथ दिलाने के लिए ÷व्हाइट कोट सेरेमनी÷ का गौरवशाली वृहद आयोजन किया गया। इस शालीन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक चंद्राकार और विशिष्ट अतिथि संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त की गरिमामय उपस्थिति थी। अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय के हीरक जयंती वर्ष में एम. बी. बी. एस. प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित 230 छात्र - छात्राओं को माननीय कुलपति जी की उपस्थिति में चिकित्सा आचार संहिता महर्षि चरक शपथ दिलाया जाना इस महाविद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात हैं। उन्होंने चिकित्सा छात्रों को आगाह किया कि चिकित्सा शिक्षा बहुत लंबी और कठिन है जिसमें एक के बाद एक पाठ्यक्रमों से होते हुए ताउम्र अध्ययनरत् होना होता है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल ने मेडिकल प्रोफेशन के क्रियान्वयन के समय निभाये जाने वाले नैतिक मूल्यों और आदर्शों की जानकारी दी। डॉ. नेरल ने कहा कि मरीज दवाइयों के अलावा एक आदर्श चिकित्सक से अपनत्व, मुस्कुराहट और मित्रवत व्यवहार की अपेक्षा रखते हैं। संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त ने चरक आचार संहिता की शपथ विद्यार्थियों को दिलाई, उनके द्वारा कहे गए शब्दों को नवप्रवेशित 230 छात्र-छात्राओं ने अपना दाहिना हाथ उठाकर दोहराया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. अशोक चंद्राकार ने नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा जारी किए गए नवीन दिशा-निर्देशों का जक्रि किया और विद्यार्थियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्होंने इस ÷व्हाइट कोट सेरेमनी÷ के गरिमामय वृहद आयोजन के लिए चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर की प्रशंसा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज में चिकित्सकों की भूमिका प्रतिपादित की और विश्वविद्यालय की ओर से चिकित्सा विद्यार्थियों के हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने चिकित्सा जगत में कार्य कर रहे चिकित्सकों हेतु महर्षि चरक द्वारा दिए गए नैतिक मूल्यों को अपने दैनंदिनी की चिकित्सकीय गतिविधियों में शामिल किए जाने की बात कही और इन भावी चिकित्सकों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### व्यय प्रेक्षक ने ढारा स्थैतिक निगरानी दल के कार्यों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव ,26अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।**विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस मुग्धा किरण



सरदेशपाण्डे द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 को सकुशल, निष्पक्ष कराने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इस कड़ी में व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे द्वारा विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ अंतर्गत ढारा के स्थैतिक निगरानी दल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा संधारित पंजियों का अवलोकन किया और सदस्यों से पूछताछ कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निगरानी दलों के सदस्यों से वाहनों के गतिविधियों पर चौकस निगाह रखने के निर्देश दिए।

### राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में अतिरिक्त उडनद्स्ता दल का गठन

**राजनांदगांव ,26अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह द्वारा विधानससभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत व्यय मानिटरिंग एवं आदर्श आचरण संहिता के अनुपालन हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75 राजनांदगांव के लिए गठित उडनद्स्ता दल में संशोधित करते हुए अतिरिक्त उडनद्स्ता दल का का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार उडनद्स्ता दल क्रमांक 7 में व्याख्याता महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव श्री कृष्ण कुमार कटेन्द्र, उडनद्स्ता दल क्रमांक 8 में प्रशिक्षण अधिकारी शासकीय आईटीआई पेण्ड्री राजनांदगांव श्री विजय सिन्हा एवं व्याख्याता महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव श्री ईशान साहू को दल का सदस्य बनाया गया है। सभी दलों के साथ पुलिस अधिकारी-कर्मचारी व एक वीडियाग्राफर साथ रहेंगे।

### रामलीला मंचन के साथ किया गया रावण के पुतले का दहन

**अंवरी,26अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** ग्राम सुपेला के नवज्योति नाट्य कला मंडली द्वारा राम लीला नाटक का मंचन कर रावण के पुतले का वध किया गया7 नवज्योति नाट्य कला मंडली के विभिन्न कलाकार अपना किरदार निभाया जिसमें प्रभु श्री राम रुप में झानेंद्र साहू,लक्ष्मण जतिन साहू,हनुमान कन्हैयालाल साहू,रावण कुलदीप साहू,कुम्भरण रघुवीर साहू,मेघनाथ विकास कुमार,अहिरावण दयालु राम साहू एवं वानर सेना, राम के विभिन्न पात्र थे नवज्योति नाट्य कला मंडली के संचालक श्री कृष्णदयाल साहू ने बताया कि विगत 50 वर्षो से नाट्य कला मंडली द्वारा लीला नाटक का मंचन किया जा रहा है एवं पिछले 10 वर्षो से युवा कलाकारो द्वारा अनेकों पात्र निभाकर रावण के पुतले का वध करते आ रहे है। इस अवसर पर नवज्योति नाट्य कला के प्रमुख भंवरलाल साहू,ओमप्रकाश देवांगन, बिसाहू राम यादव,चोवा राम ध्रुव,बिसरू साहू, हितेंद्र साहू,भूषण साहू,दिग्वविजय साहू,पन्नालाल साहू,बलराम साहू सहित बड़ी संख्या पहुंचे दर्शकगनो रैनी पत्ता भेंट किया।

### शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई

**रायपुर ,26अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से किया जा रहा है. नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 की टीम ने जोन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोवा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में पहुंचकर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शत - प्रतिशत मतदान करने की दृष्टि से वहाँ के रहवासी मतदाताओं को नगर निगम जोन क्रमांक 9 के जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय एवं कार्यपालन अभियन्ता श्री के. के. शर्मा एवं जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री विजय शर्मा की उपस्थिति में जागरूक बनाया. रहवासी मतदाताओं सहित जोन क्रमांक 9 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शत - प्रतिशत मतदान करने की दृष्टि से सामूहिक शपथ ली.इसी प्रकार नगर निगम जोन क्रमांक 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने रायपुरा महादेवघाट के समीप दुर्गा माता मूर्ति विसर्जन स्थल पर ड्यूटी के दौरान नगर निगम जोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव की उपस्थिति में शत- प्रतिशत मतदान की सामूहिक शपथ स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए ली. रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता रहवासियों को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान प्रतिदिन नियमित रूप से जारी रहेगा।

## क्षेत्र के लोगों में काफी लोकप्रिय है राजा खुज्जी का दशहरा

**डोंगरगांव,26अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** समीपस्थ ग्राम राजा खुज्जी में विजयादशमी के अवसर पर लगातार भव्य आतिशबाजी की गई व साथ ही सोन चिरैया का रंगारंग मंचीय कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ । ज्ञात हो कि ग्राम विकास समिति के नेतृत्व में प्रति वर्ष की तरह इस बार भी रामलीला का भव्य आयोजन किया गया। इस बार भी भव्य आतिशबाजी रावण के दहन के साथ 10 बजे प्रारम्भ हुआ साथ ही रात्रि में 11 बजे से सोन चिरैया लोककला मंच की रंगारंग प्रस्तुति हुई देश भर में कल दशहरा का



त्योहार धूमधाम से मनाया गया. इस त्योहार को लेकर हमेशा की तरह लोगों में जबरदस्त क्रेज दिखाई दिया. दशहरा की खास बात यह है कि इसकी तैयारी दस दिन पहले से ही शुरू हो जाती है. लोग जगह-जगह रामायण के किरदारों का रूप धरते हैं और रामलीला करते हैं. दशहरे वाले दिन रावण का पुतला जलाया जाता है. और राम जी की विजय की खुशियां मनाई जाती है। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी आज पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जा रहा है. हर शहर में रावण के पुतले को दहन करने की तैयारियां की गई है. विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, लेकिन इस दिन नीलकंठ पक्षी का दर्शन करने से मनुष्य को सभी मनोकामनाओं की प्राप्ति होती है. इसके पीछे हमारे धर्म ग्रंथ में उल्लेख है कि रावण का वध करने के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम को ब्रह्म हत्या का पाप लगा था. इसके बाद श्री राम ने भगवान शंकर की पूजा की थी और भगवान शंकर ने विजयदशमी के दिन ही उन्हें नीलकंठ पक्षी के रूप में दर्शन दिया था, जिससे उन्हें लगे ब्रह्म हत्या के पापसे मुक्ति मिली थी इसीलिए कहा जाता है कि विजयदशमी के दिन जो भी व्यक्ति नीलकंठ पक्षी का दर्शन करता है उसकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है.ज्योतिषाचार्य ने यह भी बताया कि विजयदशमी के दिन शमी पेड़ का विधि विधान से पूजन करने और अपराजिता के पूजन का भी विशेष महत्व है, अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा दशहरे के दिन शमी के पेड़ का पूजन किया जाता है तो उसे आरोग्य धन वैभव की प्राप्ति होती है. इसके अलावा अपराजिता के पूजन करने से व्यक्ति कभी भी पराजित नहीं होता है. ग्राम राजा खुज्जी में रावण वध में ग्राम विकास समिति के सदस्यों के साथ, गांव के पंच, उपसरपंच, सरपंच, के साथ जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा जी कार्यकर्म में सम्मिलित हुए मंच का संचालन विमल जैन वरिष्ठ पत्रकार डोंगरगांव ने किया

## साामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 10 नबंबर तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव ,26अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह सितम्बर का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 23 अक्टूबर 2023 से 10 नवम्बर 2023 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 27 अक्टूबर को महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 9 के लिये हॉस्पिटल परिसर शंकरपुर में, 28 अक्टूबर को डॉ. भीमराव आम्बेडकर वार्ड नं. 12 के लिये महिला जिम शिक्षक नगर में व गौरी नगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरीनगर में एवं 30 अक्टूबर को डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिये राम मंदिर बी.एन.सी.मिल के पास में, ठा.प्यारेरलाल सिंह वार्ड नं. 16 व तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिये ठा.प्यारेलाल सिंह स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11ः30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह सितम्बर 2023 की पेशन का लाभ लेने के साथ साथ विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

## सेवानिवृत्त होने पर हिरदे यादव विदाई समारोह में पहुंचे

**राजनांदगांव,26अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** समीपस्थल भोथीपार खुर्द में राजाराम कारखाना में जहां गामीण एवं शहर अंचल 600 कर्मचारी कार्यरत हैं उस कंपनी के कर्मचारी श्री हिरदे यादव 36साल तक अपनी सेवा देकर 25 अक्टुबर को सेवानिवृत्त हुए इस अवसर पर उनके सहकर्मियों ने यादव तिलक माला एवं श्रीफल शाल भेंट कर सम्मान किया तत्पश्चात यादव के निज निवास धामनसरा



बैलगाड़ी में मंदिर चौक से छत्तीसगढ़ी बाजा के साथ गली भमण किया निवास पहुंचेने पर परिवार जन पुजा कर उपहार भेंट किया इस अवसर पर मन्ना यादव उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ रोहित चंदाकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव जगदीश डाबी इंचार्ज नाईम शेख इंचार्ज बिसन सिंह सुरक्षा अधिकारी योगेश साहू पीलू साहू हीरालाल पवार केजनाथ यादव रुपचंद साहू राजेश साहू भागवत दास वैष्णव कृष्णा साहू माखन साहू देव लाल पटेल लोकचंद पटेल रामचंद्र चंदाकर मनोहर यादव लोरी यादव दिलेश्वर साहू ईश्वर साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहा।

## 27 अक्टूबर की शाम को पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से होगी

**रायपुर ,26अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** राजेन्द्र नगर उच्चस्तरीय जलागार के मेन सप्लाई लाइन के वॉल्व में लीकेज होने के कारण 500 एमएम व्यास के सप्लाई वॉल्व को बदलने एवं पुरानी जलागार से निकली पुरानी सी. आई. एवं ए.सी. पाईप लाईन को अमृत मिशन योजनांतर्गत बिछाई गई नवीन डी.आई. पाईप लाईन से इंटरकनेक्शन किये जाने का कार्य दिनांक 26.10.2023 को किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य के तहत् जोन क्र. 10 नगर पालिक निगम रायपुर के जल विभाग द्वारा मेन सप्लाई लाईन में 500 एमएम व्यास का नवीन वॉल्व स्थापित किया जावेगा। उक्त कार्य के साथ-साथ अमृत मिशन शाखा द्वारा राजेन्द्र नगर उच्चस्तरीय जलागार के कमाण्ड एरिया हेतु बिछायी गई।

संपादकीय

## फिर किया कर्ज माफी का वादा

केंद्र का चुनाव हो या राज्य का चुनाव हो, उसे जीतने के लिए राजनीतिक दल अक्सर किसानों की कर्ज माफी का वादा करते हैं। वे मानते हैं कि किसानों की कर्जमाफी कर जीता जा सकता है। कई दलों ने किसानों की कर्जमाफी कर चुनाव जीता भी है। वैसे देश के राजनीतिक दल केंद्र हो या राज्य का चुनाव हो, अब तक एक चुनाव के बाद दूसरे चुनाव में किसानों की कर्जमाफी का वादा नहीं किया है। उसमें कम से कम दस साल का फर्क तो रहता है। भूपेश सरकार पहली ऐसी सरकार जिसने एक चुनाव में कर्जमाफी का वादा कर चुनाव जीता और दूसरी बार भी वह चुनाव जीतने के लिए कर्जमाफी का वादा कर रही है। भूपेश बघेल ने जब फिर से किसानों की कर्जमाफी का वादा किया तो राज्य के राजनीतिक दलों सहित किसानों को भी ताज्जुब हुआ क्योंकि पिछले चार सालों में कभी कहा नहीं गया कि फिर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा क्योंकि ऐसा कहा जाता तो किसान ज्यााद से ज्यााद कर्ज ले लेते। सरकार की तरफ से चार साल कभी भी किसानों का कर्ज माफ करने का कोई संकेत तक नहीं दिया गया, इसके बाद अचानक भूपेश बघेल ने एक दिन घोषणा कर दी कि अगर कांग्रेस की सरकार दोबारा बनी तो राज्य के किसानों का कर्ज पिछली बार की तरह माफ किया जाएगा। 2018 चुनाव में कांग्रेस ने वादा तो किया था किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा, प्रचार ऐसा किया गया मानो सभी किसानों का सभी कर्ज माफ किया जाएगा यानी किसानों पर कोई कर्जा नहीं रहेगा लेकिन जब सरकार बन गई और कर्जमााफ करने की बारी आई तो कई तरह की शर्तों के साथ सभी किसानों की जगह सहकारी बैंक से कर्ज लेने वाले किसानों का ही पांच हजार करोड़ से कुछ ज्यादा का कर्ज माफ किया गया। इस बार भी किसानों की कर्ज माफी का वादा तो किया गया है लेकिन यह साफ नहीं किया गया है कितने किसानों का कितना कर्ज और किस तरह का कर्ज या पूरा कर्ज माफ किया जाएगा या नहीं। भाजपा ने कहा भी है कि सरकार को साफ करना चाहिए कि वह सभी किसानों का कर्ज माफ करेगी या पिछली बार की तरह सहकारी बैंक का ही कर्ज माफ करेगी।यदि सरकार चुनाव जीतती है और किसानों का कर्ज माफ करती है तो यह सात हजार करोड़ होगा यानी कि पिछली बार से दो हजार करोड ज्यादा होगा। सवाल उठना स्वाभाविक है कि कांग्रेस को अचानक किसानों की कर्जमाफी का वादा क्यों करना पड़ा। यह तो एकदम से अप्रत्याशित है। किसी को उम्मीद नहीं थी कि कांग्रेस सरकार ऐसा करेगी। सभी यह मानकर चल रहे थे कांग्रेस का इस चुनाव में मुख्य मुद्दा जाति जनगणना, प्रति एकड़ बीस क्विंटल धान खरीदी,17 लाख आवासहीनों को आवास देना ही होगा। माना जा रहा है कि कांग्रेस को पांच साल के काम,1.75 लाख करोड़ जनता की जेब में डालने के बाद भी लग रहा था कि उसे चुनान में नुकसान हो सकता है। जैसे शराबबंदी न करने के कारण, कुछ वादे पूरे न करने के कारण, पांचवें साल एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले जांच एंजेंसियों द्वारा सामने लाने के कारण राजनीतिक रूप से नुकसान हो सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर जिन एजेंसियों ने सर्वे भी कराया उसमें कांग्रेस की सीटें कम हुई हैं तथा भाजपा की सीटें बढ़ीं हैं। कांग्रेस व भाजपा के बीच में हर सर्वे में सीटों का अंतर कम होना भी कांग्रेस के लिए चिंता की बात हो सकती है। इसलिए उसने एक बार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया है। कांग्रेस मान के चल रही है किसानों की कर्जमाफा की वादा करने से उसकी जीत तय हो सकती है। यह कोई ऐसा वादा नहीं है जो दूसरे दल नहीं कर सकते, भाजपा भी कर सकती है,आप भी कर सकती हैं। यानी भूपेश बघेल ने राज्य की राजनीति को बदल दिया है, किसान केंद्रित कर दिया है तो दूसरे दल भी तब ही टक्कर दे पाएंगे जब वह भी वैसी ही राजनीति करेंगे। भूपेश बघेल राजनीतिक दलों को अपनी पिच पर खेलने के लिए विवश कर रहे हैं और दल खेलने को विवश होते या नहीं यह बाद में पता चलेगा।

# ऐसा हुआ तो राहुल गांधी ही होंगे भारत के अगले प्रधानमंत्री

राजनीति

अतुल मलिकराम

( लेखक एवं राजनीतिक रणनीतिकार )



**यदि राहुल, एक ऐसे नेता की छवि विकसित करने में सफल हो जाते हैं, जो सत्य और अहिंसा के साथ, गांधी जी के रास्ते पर चलने का मन बना चुका है, तो निश्चित ही वह एक प्रखर राजनेता के रूप में पीएम पद के लिए जनता की सर्वश्रेष्ठ पसंद भी बन सकते हैं।**

कर्नाटक चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस की एकतरफा जीत अपने आप में कई मायने रखती है। यह जीत कांग्रेस के लिए एक तरफ कई राजनीतिक पहलुओं व गतिविधियों को अमल में लाने की तरफ इशारा करती है, तो दूसरी ओर राहुल गांधी की परिपक्वता के साथ, बदलती छवि को भी रेखांकित करती है। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस और राहुल के प्रदर्शन को 2024 के लोकसभा चुनावों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि जिस प्रकार, कर्नाटक चुनाव में राहुल की टक्कर सीधे पीएम मोदी के वैश्विक छवि से हुई, यही सिलसिला आगामी आम चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। हालाँकि, आम चुनावों से पूर्व, राहुल को अभी कई स्तरों पर और निखारने की जरुरत है। चूँकि, 24 की जंग से पूर्व 2023 के अंत में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं, तो राहुल के लिए भी यह विधानसभा चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होने वाले हैं। अब सवाल यह है कि राहुल ऐसा क्या करें और क्या नहीं, जिससे समय के साथ पीएम के तौर पर राहुल का सियासी पारा, गिरने के बजाए लगातार आगे बढ़ता चले? इस सवाल के जवाब में कुछ और सवालों को समक्ष रखना होगा, इस क्रम में सबसे पहला और बड़ा सवाल यही कि क्या राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस के पक्ष में बने माहौल और सकारात्मक रूप से बदली अपनी छवि को कायम रखने में सफल हो पाएँगे? इस सवाल के भीतर ही एक और प्रश्न कि तो क्या राहुल गांधी, पीएम पद के लिए देश की पहली पसंद बन पाएँगे? मेरे अनुमान में राहुल को कुछ चीज़ों में बड़े बदलाव लाने और कुछ चीज़ों को सतत बनाए रखने की आवश्यकता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भगवा से नीले और हरे में तब्दील होता भारत का सियासी मानचित्र, बीजेपी के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में, राहुल गांधी का अचानक से एक मँझे हुए खिलाड़ी की तरह उभारना, सत्ता पक्ष को और अधिक सोचने पर मजबूर कर रहा है। लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि राहुल, विरोधी खेमे में मची खलबली का सही इस्तेमाल कर पाएँगे या नहीं।

**लोकप्रिय से अधिक जनप्रिय नेता बनें राहुल**-एक आँकड़ा बताता है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में पिछले 9 सालों में कांग्रेस दो लोकसभा समेत करीब 40 विधानसभा चुनाव हार चुकी है। हालाँकि, एक तथ्य यह भी है, इन सभी हारों से राहुल ने कुछ न कुछ सीखा है, और लगभग एक दशक के इस सफर में कई आलोचनाओं का सामना करते हुए, सांसदी भी गँवा दी है। लेकिन जिस जटिलता के साथ वह सत्ता पक्ष का विरोध करते आए हैं, और खासकर जमीनी व जरुरी मुद्दों पर देश का ध्यान आकर्षित करने की जद्दोजहद करते दिखें हैं, उसने उन्हें एक जुझारू नेता की छवि दी है, जिसे उन्हें बरकरार रखने की सख्त जरुरत है। दूसरी ओर राहुल, चुनावी हार को लेकर हों या अपने आक्रामक या कई बार बेतुके बयान को लेकर, देश ही नहीं विदेशों में भी लोकप्रिय हैं। उन्हें जनप्रिय राजनेता बनने की तरफ ध्यान केंद्रित करना होगा। जिस पर वह पिछले लम्बे समय से चल भी रहे हैं। उनकी सोशल मीडिया पर स्विमिंग करते, साइकिल चलाते, बैडमिंटन खेलते या पुशअप्स लगाते हुए फोटोज़ और वीडियोज़ बेशक उन्हें युवा कांग्रेसियों के लिए एक आदर्श नेता के रूप में प्रोजेक्ट करते हैं, लेकिन इसके साथ देश के पढ़े-लिखे तबके से लेकर अंतिम व्यक्ति तक में, राहुल को अपनी छवि निखारने की दरकार है, जिसमें मुख्य रूप से ऐसी किसी बात से उन्हें दूरी रखना होगी, जिसका सीधा लाभ बीजेपी को मिले। यानी राहुल को यह भी याद रखने की जरुरत है कि जब वह वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं, तो उन्हें राजनीतिक रंजिशों से ऊपर उठकर, एक राष्ट्र की और राष्ट्र एकता की बात को प्रमुखता से रखना होगा। उपरोक्त बातें खासकर राहुल को केंद्र में रखकर ही कही गईं हैं, लेकिन उनके लिए कांग्रेस पार्टी और सरकार में किए गए कुछ फैसलों पर विचार करने और उनके साथ लोगों को भरोसे में लेने की आवश्यकता भी है। एक नरेशन जो लम्बे अरसे से कांग्रेस को हिन्दू विरोधी बताता आया है, राहुल को उसका भी काट निकालना होगा, क्योंकि जैसे-जैसे राजनीतिक दृष्टि से उनका कद ऊपर उठेगा, उनके पीछे कांग्रेस की कुछ कमियों, गलतियों या विरोधियों का तैयार किया नरेशन भी लग जाएगा। ऐसे में, वो सारे मुद्दे जो अब तक विरोधियों के लिए जनता को कांग्रेस के खिलाफ बरगलाने का एक विशेष हथियार बने हुए थे, उन्हें सिरे से खत्म करना होगा, भले अपने भाषणों में, सभाओं में, रैलियों में या सोशल मीडिया में... राहुल यदि देश की जनता को इस भरोसे में लेने में कामयाब हो जाते हैं कि वे कांग्रेस की पिछली गलतियों (जिसे देश की एक बड़ी आबादी स्वीकारती है), नाकामियों और खामियों को खत्म करके, एक नए युग के कांग्रेस का निर्माण करने जा रहे हैं, तो संभवतः वह देश के लिए पहला और बेहतर विकल्प होंगे।

**देश को मोदी नहीं, बेहतर विकल्प की तलाश**-वर्तमान में, दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के दिल में बसने के लिए राहुल को मोदी की राह पर चलकर नहीं, बल्कि खुद की राह बनाते हुए आगे बढ़ना होगा। उन्हें भारी भरकम प्रचार-प्रसार से इतर, धरातल पर खुद की और कांग्रेस की जड़ें मजबूत करना होंगी और यह समय परिस्थितियों के हिसाब से इस काम के लिए बेहद अनुकूल है। एक तरफ, जहाँ देश महँगाई, बेरोजगारी और असहिष्णुता जैसे मुद्दों पर मौजूदा मोदी सरकार से बिफरा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ दुनिया में फैली मोदी जी की चकाचौंध के आगे, देश के लिए उनसे बेहतर विकल्प की कल्पना नहीं कर पा रहा है। राहुल को वह विकल्प बनना है, लेकिन चकाचौंध के गलियारे से नहीं, बल्कि देश के युवा, महिला व बेरोजगारों आदि की सशक्त आवाज़ बनकर। उन्हें अपनी कोशिशों से यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ट्विटर पर सएक ही विकल्प मोदी जैसे ट्रेंड में अब बदलाव लेकर आएँ, यानी अब से सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक, (संसद में तो अब हैं नहीं) राहुल गांधी के लिए हर एक कदम बेहद महत्वपूर्ण और फूँक-फूँककर रखने जैसा होगा। उन्हें जनता का नेता और जनमानस की आवाज़ बनने की प्रक्रिया जारी रखना होगी।

**सत्य के साथ सत्ता के खिलाफ** -पिछली कुछ कोशिशों में सत्य के साथ सत्ता के खिलाफ जो माहौल कांग्रेस ने राहुल के चेहरे के इर्द-गिर्द तैयार किया है, उसे बनाए रखना भी महत्वपूर्ण होगा। इसके अलावा, राहुल के साथ-साथ कांग्रेसियों के बिगड़े बोल, इन चुनावों में काफी नकारात्मक असर डाल सकते हैं। उनकी या कांग्रेस की शब्दावली से कुछ ऐसे शब्दों को हटा देने में ही भलाई है, जिनका लाभ बीजेपी के दिग्गज, खासकर पीएम मोदी अक्सर उठाने में कामयाब हो जाते हैं। कांग्रेस के तीखे बोल राहुल पर और राहुल की कोई भी अटपटी टिप्पणी कांग्रेस पर भारी पड़ सकती है, इसलिए दोनों ही पक्षों को शब्दों के चयन में बेहद सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। हालाँकि, अब कांग्रेस ने भी, बीजेपी के खिलाफ अपने कैंपेन्स को सफल बनाना शुरू कर दिया है। इसकी एक बानगी हाल के चुनावों में देखने को मिली है। लेकिन अपने खिलाफ उठे प्रश्नों को देशभक्ति के रंग में रंगने की जो कला बीजेपी और पीएम मोदी में है, राहुल को उसी कला का काट, जनता के मुद्दों से निकालना है।

**जनता के समक्ष कांग्रेस के 70 सालों का बेहतर इतिहास** -उपरोक्त बातों के अतिरिक्त 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व राहुल को खत्म होती कांग्रेस जैसी बातों को जड़ से मिटाते हुए, एक ऐसी पार्टी की झलक देश के मतदाताओं के सामने रखना है, जिसने आजादी की लड़ाई से लेकर, देश को खुद के पैरों पर खड़ा होना सिखाया। विरोध में उठने वाले स्वरों को अपनी ताकत बनाते हुए, 70 सालों में कांग्रेस ने क्या किया इसे प्रमुखता से जन-जन तक, युवा और भटके हुओं तक पहुँचाना होगा। यदि राहुल, एक ऐसे नेता की छवि विकसित करने में सफल हो जाते हैं, जो सत्य और अहिंसा के साथ, गांधी जी के रास्ते पर चलने का मन बना चुका है, तो निश्चित ही वह एक प्रखर राजनेता के रूप में, पीएम पद के लिए जनता की सर्वश्रेष्ठ पसंद भी बन सकते हैं। हालाँकि, इस दौरान उन्हें एक बात का हमेशा ध्यान रखना होगा कि उनकी सीधी टक्कर देश के प्रधानमंत्री से कम, बल्कि एक वैश्विक राजनेता से अधिक है। लोकप्रियता के मामले में पीएम मोदी दुनिया के टॉप पर्सनालिटीज़ में से एक हैं। दूसरी ओर, राहुल वैश्विक मंचों पर अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के ऊपर बोलने वाले वक्ता जरूर हैं, लेकिन अभी देश में अपनी जनप्रियता की जड़ें मजबूत करने की प्रक्रिया में हैं। इसलिए सार्वजानिक मंचों पर मुद्दों पर बने रहना और तथ्यों के साथ सरकार को कटघरे में खड़ा करना, उनकी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। सही दिशा में मेहनत करेंगे जिससे ज्यादा काम निपटा लेंगे। आज आपको किसी संस्था द्वारा सम्मानित किया जा सकता है। नौकरीपेशा वालों का आज प्रमोशन हो सकता है।

वृष राशि-आज अचानक धनलाभ हो सकता है। जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आयेगा। अगर आप कोई नया वाहन खरीदने की सोच रहें है, तो राहुकाल देखकर ही खरीदें। घर में खुशियों का आगमन होगा। आज आपकी व्यावहारिक प्रवृति को देखकर लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। संगीत क्षेत्र में रुझान वालों को आज फिल्म इंडस्ट्री से ऑफर आ सकता है।

मिथुन राशि-आज किस्मत आपके साथ रहेगी। कारोबार में आ रही दिक्कतें आज समाप्त हो जायेगी। धन-लाभ के नये रास्ते नजर आयेंगे। अगर आज घर में किसी पार्टी का आयोजन कर रहे हैं तो सभी को दावत दें। आज किसी ऐसे व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी, जो आपको बिजनेस में काफी फायदा कराएगा। आज दूसरों से बात करते समय मीठी भाषा का प्रयोग करें, लोग आपसे काफी प्रभावित होंगे।

कर्क राशि-बिजनेस को लेकर आपको कोई अच्छी डील मिलेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही कहीं पार्टी करने जायेंगे। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ईमेल आएगा। छात्र अपने करियर को लेकर सोच विचार करेंगे, किसी अनुभवी की सलाह भी लेंगे। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। नया घर लेने के लिए आज आप किसी प्रॉपर्टी डीलर से बात फाइनल करेंगे। अविवाहित जातकों के लिये विवाह के अच्छे रिश्ते आयेंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कोई व्यक्ति आपके करियर के लिए खास हो सकता है। इस राशि के विवाहित आज समारोह में जायेंगे। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीज़ें सुधर रही हैं।

कन्या राशि-आज आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे। आपका मान-सम्मान लोगों में पहले से ज्यादा बढ़ेगा। आज जॉब में प्रमोशन के चांस बन रहे है। ऑफिस में आज सहकर्मियों के साथ अंडरस्टेनडींग बढ़ेगी। आज किसी बिजनेस डील के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। धन-लाभ के आसार बन रहे हैं। नवविवाहितों के लिए आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ डिनर पर जा सकते हैं।

तुला राशि-आज आप अपनी प्रतिभा को सही ढ़ग से निखार पाएंगे। आज राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छे परिणाम लेकर आने वाला रहेगा। आज आप बड़ी से बड़ी समस्या का हल आसानी से निकाल लेंगे। आज अपने स्वास्थ्य का सही ढ़ग से ध्यान रखें। किसी डाक्टर की सलाह से ही आगे बढ़े। आज कोई सरकारी अधिकारी आपके जमीन से जुड़े मसलों को हल करने में आपकी मदद करेगा।

वृश्चिक राशि-आज आपकी कोई खास इच्छा पूरी होगी। दूसरे शहर रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को आज कोई बड़ी सफलता मिलने के आसार नजर आ रहे है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से बिना वजह ना उलझे। आज प्रियजनों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, किसी समस्या का समाधान मिलेगा। सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करें। आज किसी दोस्त के साथ पार्टी में जायेंगे।

धनु राशि-धनु राशि के लिए आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। छोटे बच्चों को आज पिता से कोई गिफ्ट मिल सकता है। आज घरवालों के साथ कहीं घूमने भी जा सकते हैं। आज बिजनेस में बढ़ोत्तरी के चांस हैं। परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान बना सकते है। शाम को दोस्तों के साथ पार्टी करने जा सकते हो। आपके व्यापार में दो गुना वृद्दि हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन कोई डिस बनाना सीखेंगी।

मकर राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। काम-धंधे में आज आपका मन लगेगा। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है। किसी नये कोर्स को ज्वाइन करने के लिए आज का दिन शुभ है। लवमेट के लिए आज रिश्ते में मिठास भरने का दिन है।

कुम्भ राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। मनोरंजन में पैसे खर्च हो सकते हैं। आज आपको कई दिनों से रूके हुए काम में सफलता मिल सकती है। ऑफिस में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए, धैर्य के साथ काम करें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। स्वास्थ्य आज पहले से ज्यादा फिट रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट आज कहीं घूमने जायेंगे।

मीन राशि- किसी नयी जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामंजस्य बना रहेगा। नियमित योग करने से आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।

व्यंग्य

## नई चीज़ें... नई ढंग से

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

नेता जी आप सामने बैठे हो इसलिए नहीं ना बोल रहे हैं, पर सच्चाई येई है कि हो तो आप पक्के पहुँचे आदमी। पढ़-लिख नहीं पाए तो क्या हुआ, ऊँच-नीच सब देखी है आपने, अच्छा-बुरा सब बराबर समझते हो, इसमें कोई शंका करे वो अपनी टांग तुड़वाए। पढ़ाई-लिखाई के भरोसे रहते तो आज कहीं ऑफिस में टेबल के नीचे हाथ पसारे बैठे होते तो अपनी जनता का क्या होता। सही वक्त पर स्कूल से भाग जाने का निर्णय आपकी दूरदृष्टि का सबूत है। जनता के भले के लिए कुछ करना पड़े, वो सब आपने किया है। राजनीति के आप माने हुए कीड़े हैं और अभी तक किसी माई के लाल ने वो पेस्टिसाइड बनाया नहीं जिसका आप पर असर हो। लोग आपको शोले का गब्बार अवतार यूं ही नहीं मानते हैं, कुछ तो होगा ना ! जब से लक्ष्मी भाभी को ब्याह के लाए हैं, बाकायदा आप 'लक्ष्मी के धनी' भी हैं, इसमें भी कोई संदेह करे वो मूरख। देश क्या दुनिया पे निगाह है आपकी, पांच दफे बैंकॉक और दो दफे स्विजरलैंड हो आए हैं। आपसे कोई कुछ छुपाना चाहे तो छुपा ही लेगा, ऐसा कम से कम हमें तो नहीं लगता। अच्छे से जानते हैं ना आपको इसीलिए इज्जत आपोआप दिल में उछालें मारने लगती हैं, वरना कोई किसी को आज फूटी आंख भी देखता है ! नहीं ना ? लेकिन होगा, हमें क्या, हमारे संस्कार कोई आज के हैं ! आपके दद्दा जब लूटमखोरी में फंसे थे तब हमारे दद्दा ने पूरे चौदह साल उनकी जै-जै करी थी, आपको तो पता ही है। पर अब तो खूब तरक्की हो गई है, लूटमखोरी खूब हो रही हैं पर फंसने का रिवाज खतम हो गया वरना हम भी अपना पुश्तैनी फर्ज अदा करते। तरक्की तो होनई चइये थी, नहीं होती तो आज जो देश चला रहे हैं उनमें से ज्यादातर कहीं चक्की पीस रहे होते तो अच्छा लगता क्या? एफडीआई से पूंजी जुटाई जा सकती है, नेता थोड़ी जुटा सकते हैं, वो भी देसी, गुलगुले और मुलायम, सही है ना नेता जी ? राजनीति खेल तो है पर बच्चों का नहीं, कि कोई मम्मी की अंगुली पकड़े आए और अंग-बंग चौक-चंग करने लगे मजे में। जब तक आप जैसा वीर न हो हम जैसों को वोटर से आगे कुछ बनने की सोचना भी खतरे से खाली नहीं है। तो बात ये थी नेता जी कि लोग कड़वी दवाई को लेकर अभी भी अटके पड़े हैं। बजट-वजट तो आया-गया, अभी भी कड़वी दवा जैसा कुछ बाकी है क्या ? बात साफ हो जाए तो बड़ा अच्छा हो। देखा जाए तो नेता जी किसी को मूं लगाते नहीं हैं। लेकिन हमारी बात और है ये तो अब तक आप समझ ही गए होंगे। बोले - बात कड़वी दवा की नहीं सुधारों की है। सरकार चाहती है सुधारों का



सिलसिला शुरू किया जाए। जैसे ही अमृतसिद्धि योग आएगा सुधार योग का सिलसिला चालू हो जाएगा। सबसे पहले मीडिया को सुधारना पड़ेगा। जनता को भड़काने या मूर्ख बनाने का काम उसका नहीं है। उन्हें राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए। बेरोजगारी, महंगाई की वजह से कोई मरे उन पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मुद्दे टीआरपी के काम थोड़े न आते हैं। टीआरपी तो मुखिया बटुआ रखते हैं कि नहीं, आम चूसकर खाते हैं कि काटकर खाते हैं, घंटों-घंटों कैसे काम कर लेते हैं आदि सवाल पूछने से बढ़ता है। लेकिन सरकार को लेकर पूछाताछी करोगे तो मीडिया को महंगा पड़ेगा। शिक्षा में सुधार की जरुरत है, लोग पढ़-लिख कर बेलगाम हो जाते हैं ये नहीं चलेगा। साधु संत तय करेंगे कि विश्वविद्यालय में क्या पढ़ाया जाएगा, तय क्या करेंगे वो खुद ही पढ़ाएंगे। इतिहास सुधारना पड़ेगा, हमलावर हमारे इतिहास नहीं हैं, जिन्होंने मुकाबला किया, हमारे जो वीर लड़े वो हमारा इतिहास है। लोगों का, खासकर महिलाओं का लिबास सुधारना जरूरी है। उनका लिबास ऐसा होना चाहिए कि एक बार कोई देख ले तो दूसरी बार देखने की इच्छा ही नहीं हो। और भी बहुत से सुधार होगें, जिनको भी सुधारने की जरूरत समझी जाएगी, सुधारा जाएगा।

विदेश

संजीव ठाकुर

# चीन,रूस और ईरान का अमेरिका के विरुद्ध षड्यंत्र का परिणाम है हमास-इजरायल युद्ध

अमेरिकी विदेश मंत्री एथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से



कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास ,हिजबुल्ला और फलस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षो से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है. ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इसराइल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है हमास का आक्रमण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इसराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा-पूरा वैधानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इसराइल अपना कर्तव्य निभा रहा हैद्य लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगाद्य इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इसराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट देकर रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है. रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और वह चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इसराइल हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण करके ताइवान



को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर लेद्य चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़काकर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे-सीधे इसराइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया हैद्य 7 अक्टूबर 23 को हमास के आक्रमण से लगभग 1200 से 1500 इसराइली नागरिक सैन्य अधिकारी बच्चे तथा स्त्रियों की सरेआम हत्या कर दी गई। जवाब में इजरायल ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमला कर हमास के फ्रंटलाइन आतंकवादियों को खत्म कर दिया है कॉलेटरल डैमेज के रूप में वहां के नागरिक तथा बच्चों एवं स्त्रियां भी मौत की नींद सो चुके हैंद्य हमास इसराइल लड़ाई में नया मोड़ तब आया जब गाजा के एक अस्पताल में बम गिरकर 500 लोगों की हत्या कर दी गई और इसका सारा ठीकरा इसराइल के सर फोड़ दिया गया है इसराइल ने इस बात से साफ इनकार किया है और कहा है कि इसके पीछे खुद हमास एवं फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद है जिसने गाजा के इस अस्पताल में हमला कर इसराइल के खिलाफ एक नया षड्यंत्र रचा है। इस हमले से क्रुद्ध होकर खाड़ी देशों के सभी मुस्लिम राष्ट्र जिनकी संख्या लगभग 57 है सब एक हो गए हैं और इजरायल के साथ लगभग 87 देश समर्थन में जुड़ गए हैं जिसमें प्रमुख तौर पर अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया,कनाडा एवं अन्य देश जिसमें भारत भी शामिल है का इसराइल को समर्थन है। अब मुख्य मुद्दा यह है कि हमास द्वारा 200 नागरिकों को बंधक बना लिया है जिनको वह मुक्त करने के मूड में नहीं दिखाई दे रहा है इजराइल का लगातार आक्रमण कर यह दबाव है कि पहले वह बंधकों को इसराइल के हवाले करें फिर इसराइल अपना आक्रमण रोकेगा।अब इजरायल की थल सेना भी आक्रमण करने पूरी तरह सक्षम एवं तैयार है ऐसी स्थिति में पूरी गाजा पट्टी संपूर्ण तबाह हो जाएगी और लगभग 20 लाख फिलिस्तीन निवासी नागरिक शरणार्थी बन चुके और बेघर भी हो चुके हैं। ईरान ने हमास को इसराइल पर आक्रमण के आदेश देने के समय तक यह नहीं सोचा था की स्थिति यहां तक बिगड़ जाएगी। चीन रूस जरूर ईरान के साथ हैं पर यह जरूरी नहीं है कि इसराइल और हमास की युद्ध से पैदा होने वाले विश्व युद्ध में वे ईरान और खाड़ी देशों का कितना साथ दे पाएंगे। भारत को भी हमास इजरायल युद्ध से चौकन्ना रहने की आवश्यकता होगी क्योंकि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान भी हमास जैसे आतंकवादियों को बना देने का कई वर्षों से मुजरिम है और वह कभी भी आतंकवादियों के माध्यम से भारत में हमला कर सकता है तथा भारत को अपनी सीमा पर चौकसी बढ़ा देना चाहिए। इसके अलावा भारत ने अपनी नीति स्पष्ट करके रखी है, उसने हमास के आतंकवादियों का विरोध किया है पर फिलिस्तीन देश का वह कई वर्षों से समर्थन करता आया है और 38 टन मदद की रसद तथा दवाइयां उसने गाजा पट्टी पर भिजवाई भी है। भारत का दृष्टिकोण मानवतावादी है। उसने हमास का विरोध इसराइल पर आक्रमण करने के लिए किया है इसीलिए उसने इसराइल का समर्थन किया पर अब इजरायल के गाजा पट्टी पर निर्दोष लोगों के मारे जाने का विरोध भी किया है। अरब खाड़ी के कई देश भारत से यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वह जॉर्डन,लेबनान, मिश्र, ईरान ,इराक और इजरायल, अमेरिका ,ब्रिटेन के नेताओं से चर्चा कर युद्ध विराम पर प्रभावी कदम उठाये। सबकी नजर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है क्योंकि नरेंद्र मोदी के संबद्ध सभी देश के राष्ट्र प्रमुखों से मधुर है एवं भारत की नीति ही शांति संदेश देने की रही है। ऐसे में भारत एक प्रमुख शांति दूत के रूप में वैश्विक भूमिका निभा सकता है जो विश्व युद्ध रोकने में काफी कारगर होगी।

# 310 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा के साथ 5100 किलो महुआ लाहन जब्त

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली वृत्त में मंगलवार को कच्ची शराब के अवैध बिक्री की शिकायतों के मद्देनज़र आबकारी स्टाफ़ सरायपाली मण्डल और एसडीओपी सरायपाली स्टाफ़ द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी बीच में आबकारी वृत्त-सरायपाली अंतर्गत ग्राम-नूनपानी, थाना-सरायपाली निवासी दाऊ लाल सिदार (40) के कब्जे से 75 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और लगभग 1000 किलोग्राम महुआ, कमला साहू (35) के कब्जे से 105 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और लगभग 2150 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम लिमाऊगुड़ा, थाना- सरायपाली में 46 वर्षीय भोला चौहान से 90 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और लगभग 1550 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 48 वर्षीय रतन चौहान से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और 400 किलो ग्राम लाहन जप्त किया गया।

इस प्रकार उक्त आरोपियों से कुल



310 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ मदिरा और 5100 किलो ग्राम महुआ

लाहन जब्त कर उक्त चारों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) (च), 34(2), 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर आजमानती होने पर न्यायालय से रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरायपाली उत्तम बुद्ध भारद्वाज के नेतृत्व में आबकारी उप निरीक्षक विकास बढेंद्र, आबकारी उपनिरीक्षक अनिल झरिया और आबकारी उपनिरीक्षक नितेश कुमार बैस सहित अधीनस्थ आबकारी स्टाफ और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरायपाली के स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर

### 11 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र



**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत 25 अक्टूबर को जिले की चार विधानसभाओं के लिए कुल 11 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 3 अभ्यर्थियों श्रवण कुमार भगत (बहुजन मुक्ति पार्टी), सुरेन्द्र कुमार सिदार-(इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी) एवं महेन्द्र कुमार सिदार (निर्दलीय)ने नामांकन फार्म लिया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 6 अभ्यर्थियों मधुबाई (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), कांति साहू (आजाद जनता पार्टी), बृजमोहन अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), राजीव रत्न गुप्ता (निर्दलीय), लल्लू सिंह (निर्दलीय) एवं अरुण अग्रवाल (आम आदमी पार्टी) ने नामांकन फार्म खरीदा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 2 अभ्यर्थियों महेन्द्र कुमार सिदार (हमर राज पार्टी) एवं सत्यवती राठिया (बहुजन समाज पार्टी) ने नाम निर्देशन पत्र लिया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से आज किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र नहीं लिया गया। आज 25 अक्टूबर को रायगढ़ के चारों विधानसभा में किसी के द्वारा नामांकन जमा नहीं किया गया है। इस प्रकार 21 अक्टूबर से अब तक कुल 35 नाम निर्देशन पत्र लिए गए हैं और 1 नामांकन जमा किया गया है।

### 7 नवंबर को सामान्य अवकाश घोषित

**बीजापुर 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर (अजजा) में प्रथम चरण में 07 नवम्बर 2023 दिन मंगलवार को मतदान संपन्न कराया जाएगा। मतदान दिवस को किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश स्वीकृत किये जाने के निर्देश है। वहीं बीजापुर जिले में स्थित समस्त कार्यालयों में भी मतदान दिवस 07 नवम्बर 2023 दिन मंगलवार को मतदान करने के लिए सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

### विधानसभा क्षेत्र में अतिरिक्त उड़नदस्ता दल का गठन

**राजनांदगांव 26 अक्टूबर** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह द्वारा विधानससभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत व्यय मानिटरिंग एवं आदर्श आचरण संहिता के अनुपालन हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75 राजनांदगांव के लिए गठित उडऩदस्ता दल में संशोधित करते हुए अतिरिक्त उडऩदस्ता दल का का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार उडऩदस्ता दल क्रमांक 7 में व्याख्याता महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव श्री कृष्ण कुमार कटेन्द्र, उडऩदस्ता दल क्रमांक 8 में प्रशिक्षण अधिकारी शासकीय आईटीआई पेण्ड्री राजनांदगांव श्री विजय सिन्हा एवं व्याख्याता महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव श्री ईशान साहू को दल का सदस्य बनाया गया है।

## राजनीतिक दलों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम में ईवीएम एवं वीवीपैट को किया गया सील



**महासमुंद,26 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को कृषि उपज मंडी एवं मार्कफेड गोदाम, पिटियाझर महासमुंद के स्ट्रांग रूम में रखा गया एवं सीलिंग किया गया। इस दौरान जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के लिए मशीनों को विधानसभावार पृथकीकरण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू एवं सभी विधानसभा क्षेत्र के आरओ व एआरओ सहित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी, सीपीआईएम व बहुजन समाज पार्टी के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। चारों विधानसभा सरायपाली-39, बसना-40, खल्लारी-41 व महासमुंद-42 के लिए कुल 1294 बीयू, 1294 सीयू व 1401 वीवीपैट मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। कलेक्टर मलिक के समक्ष अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ईवीएम वेयर हाउस का अवलोकन कराया गया। इस समस्त प्रक्रिया का वीडियोग्राफी भी किया गया। ज्ञात हो कि मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन 04 नवम्बर 2023 को होगा।

### नामांकन के पांचवे दिन सात अभ्यर्थियों ने फार्म खरीदे, 6 अभ्यर्थियों ने जमा किए

**महासमुंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए बुधवार को कुल 7 नामांकन फार्म खरीदे गए। जिसमें महासमुंद विधानसभा से 1, बसना से 2, सरायपाली से 3 एवं खल्लारी से 1 अभ्यर्थी शामिल है। कुल 6 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया।नामांकन फार्म लेने वालों में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से राशि त्रिभुवन महिलांग, जनता कांग्रेस छतीसगढ़ जे, खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से दीनदयाल दीवान हमर राज पार्टी, बसना विधानसभा क्षेत्र से अजय रात्रे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, जगदीश सिदार हमर राज पार्टी, सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से जयनारायण किशोर बहुजन समाज पार्टी, बिरितिया चौहान हमर राज पार्टी व अजित कुमार चौहान निर्दलीय शामिल है। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वालों में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से किरण धृतलहरे निर्दलीय, जय कोसरिया निर्दलीय, अशोक कुमार सिदार निर्दलीय, इसी तरह खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से संतोष कुमार बंजारे निर्दलीय, ईश्वर मारकंडे निर्दलीय एवं सुफल साहू बहुजन समाज पार्टी का नाम शामिल है।

## निर्वाचन कार्य के लिए मतदान दल अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**महासमुंद,26 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त मतदान दल क्रमांक 2 और 3 को वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रशिक्षण दिया गया। महासमुंद सहित चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त कुल 1846 मतदान दल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र 42 में दो पालियों में कुल 688 इनमें प्रथम पाली में 350 और द्वितीय पाली में 338 मतदान दल अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ। इसी प्रकार खल्लारी विधानसभा क्षेत्र-41 में 437, बसना विधानसभा क्षेत्र-40 में 372 एवं सरायपाली विधानसभा क्षेत्र-39 में 349 मतदान दल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को पिथौरा में 457 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स ने अधिकारियों को निर्वाचन कार्य के दौरान उनके दायित्वों, तकनीकी जानकारी के साथ बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों को ईवीएम से मतदान कराने की विधिवत प्रक्रिया, मशीन के सिलिंग करने, वोटिंग करने एवं वोटिंग के पश्चात मशीन के



सिलिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही सभी निर्देशों और बारीकियों को भली-भांति समझ कर प्रयोग के तौर पर मशीन का संचालन, वोटिंग करने के तरीके से रू-ब-रू होने कहा गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन प्रशिक्षण प्रभारी एनके सिन्हा एवं मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने किया और आवश्यक निर्देश दिए।मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बैलेट यूनिट को वीवीपैट से कनेक्ट और वीवीपैट को कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट करने की प्रक्रिया बताई गई है। साथ ही वीवीपैट के पेपर रोल, कंपार्टमेंट, बैलेट स्लीप कंपार्टमेंट, पावर पैक कंपार्टमेंट और कंटेनर कंपार्टमेंट के संबंध में अवगत कराया गया। मॉक पोल शुरू करने के पहले पावर स्विच ऑन करना और मॉक पोल के बाद पॉवर स्विच ऑफ करने के साथ ही निर्धारित समय पर मॉक पोल की प्रक्रिया सावधानीपूर्वक पूर्ण करने की सलाह दिए। इस दौरान मशीन सिलिंग, एड्रेस ट्रैक, एजेंट का हस्ताक्षर, पीठासीन अधिकारी का घोषणा पत्र के साथ निर्वाचन कार्य में बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम-वीवीपैट के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

### स्वीप कैंपस एंबेसेडर प्रशिक्षण आयोजित

**धमतरी 26 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में दूसरे चरण में आगामी 17 नवंबर को मतदान होगा। इसके मद्देनजर जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋ्तुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत सभा कक्ष में स्वीप कैंपस एंबेसेडर प्रशिक्षण का अयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को अपने आसपास और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत, सोशल मीडिया, चित्रकला, रंगोली, पोस्टकार्ड लेखन आदि के जरिए जागरूक करने तथा विशेषकर कमार जनजाति के लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने कहा गया।

## समाचार संक्षेप

### निर्वाचन के सभी कार्य प्राथमिकता से पूरी लगन से करें:कलेक्टर

**बीजापुर 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक का अध्यक्षता करते हुए विधानसभा निर्वाचन 2023 के समस्त कार्यो एवं दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, लगन एवं तत्परतापूर्वक करने के निर्देश दिए। वहीं निर्वाचन कार्यो के प्रति गंभीरतापूर्वक कार्य करने, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन के कार्यो को सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। जिला एवं ब्लाक स्तर तथा मैदानी अमलों को विभिन्न दायित्व मिला है, अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन कराने एवं आचार संहिता के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा जिले के सभी चेकपोस्ट पर निगरानी बढ़ाने, वाहनों का सघन जांच करने निर्धारित प्रारूप में पंजीबद्ध करने एवं अवैध शराब, धन, उपहार सहित अन्य वस्तुएं जो निष्पक्ष निर्वाचन को प्रभावित करते हैं। उन्हे जब्त कर अनुशात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं 07 नवंबर को होने वाले मतदान की तैयारी का जायजा लेते हुए समस्त मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधा, पेयजल, शौचालय, विद्युत, मतदान कक्ष में फर्नीचर, मतदाताओं को छाया, इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



### नक्सली नेता नागेश पदम की मौत के विरोध में बंद का आव्हान का अंदरूनी क्षेत्र में दिखा असर



**बीजापुर 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गत दिवस पुलिस नकसली मुठभेड़ मे नकसली बड़े लीडर के मारे जाने से बौखलाए नक्सलियों ने प्रैस नोट जारी कर बीजापुर जिला बंद का आव्हान किया था बंद के मद्देनजर बीजापुर जिले के अदंरूनी क्षेत्रों में बंद का असर दिखा परंतु नगरीय क्षेत्रों में बंद आंशिक इधर मंगलवार की शाम बंद को सफल बनाने नकसलियों ने नेशनल हाईवे मार्ग बरदेला गांव के करीब मार्ग में पेड़ के लठठे डालकर मार्ग अवरुद्ध करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से मार्ग कुछ ही देर मे बहाल कर दिया गया हालांकि इस बीच कुछ यात्री बसो को दहशत के चलते बीजापुर वापस होना पड़ा था। बंद के मद्देनजर नकसलियों ने गंगालूर मार्ग में अनेक जगह बैनर पोस्टर लगाये थे तथापि पुलिस की सक्रियता के चलते नक्सली कोई बड़ी वारदात नहीं कर पाये है इधर सुरक्षा की दृष्टि से यात्री बसो को बंद रखा गया है बंद से कुछ हाटबाजार प्रभावित हुए है यहां बतादें कि नक्सली अपने बड़े लीडर के मारे जाने से काफी बौखलाए हुए है। नक्सलियों ने अपने विज्ञप्ति में नागेश पदम के मारे जाने को काफी नुकसान बताया है नागेश आठ लाख का इनामी नक्सली था मुठभेड़ मे पुलिस ने ए के 47 हथियार भी बरामद किया था ये बीजापुर पुलिस के लिए बड़ी सफलता थी।

### मतदान दलों के अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया



**बीजापुर 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री त्लांग्टिनखुमा (आईएएस) ने मतदान अधिकारी दल क्रमांक 01 से 176 तक एवं उनके सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण को भलिभांति समझने अपने सभी प्रकार के शंकाओ का निराकरण करने, ईवीएम मशीनों का कनेक्शन, उनका संचालन, मॉक पोल, सीआरसी एवं विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को उनके लिफाफे में रखने सहित दिशा निर्देशों का पालन कर निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतदान की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि बीजापुर विधानसभा क्रमांक 89 का प्रथम चरण में निर्वाचन हेतु मतदान 07 नवंबर को निर्धारित है। जिसके लिए मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 25 एवं 27 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। आज 25 अक्टूबर को दल क्रमांक 01 से 176 के मतदान अधिकारी एवं सेक्टर अधिकारियों की उपस्थिति में स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बीजापुर में आयोजित हुआ जिसमें 704 मतदान अधिकारी शामिल हुए सुबह 10:30 से 5:30 तक प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा ईव्हीएम/व्हीव्हीपीएटी मशीनों का प्रदर्शन, हैंड्स ऑन कराया गया। ब्रेल मतपत्र के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। वहीं सभी प्रकार के प्रपत्र/लिफाफा/सील, डाक मतपत्र, ईडीसी सहित मतदान के दौरान किए जाने वाले समस्त गतिविधियों को विस्तृत ढंग से बताया गया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मनेन्दर (आईडीएएस), उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण गवेल, रिटर्निंग आफिसर श्री पवन कुमार प्रेमी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल, मास्टर ट्रेनर्स सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## विद्युत करंट से मादा जंगली हाथी की हुई मौत

**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत बेहरामार के मरघटीपतरा जंगल में बीते दो दिन पूर्व वन्य प्राणी मादा हाथी मृत अवस्था में पड़ा मिला था। वन विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी को जांच हेतु बुलवाया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी के दल द्वारा जांच उपरांत पाया गया कि हाथी की मृत्यु विद्युत करंट से हुई है। जिसके पश्चात वन विभाग ने कार्यवाही करते हुए 4 संदेही आरोपियों को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम की धारा के तहत माननीय न्यायालय धरमजयगढ़ के समक्ष न्यायिक अभिरक्षा हेतु पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय द्वारा उपरोक्त आरोपियों को 14 दिनों का न्यायिक अभिरक्षा हेतु जिला जेल दाखिल किया गया है।

वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को समय लगभग शाम 5 बजे परिसर बहेरामार में कक्ष क्रमांक 548 पीएफ स्थानीय नाम मरघटीपतरा जंगल में वन्य प्राणी मादा हाथी मृत अवस्था में पड़ा मिला। पशु चिकित्सा अधिकारी के दल द्वारा जांच उपरांत पाया गया कि हाथी की मृत्यु विद्युत करेंट से हुयी है। वन विभाग की टीम द्वारा संदेह के आधार पर तहसील छाल ग्राम-मुनुन्द के नंदकुमार राठिया, महादेव राठिया, जयसिंह एवं हृदय राम राठिया को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उनके द्वारा बताया गया कि 11000 बोल्ट से अवैध



हुकिंग कर 810 मीटर तक बांस खूंटी के सहारे नंगा जीआई तार फैलाकर करंट लगाया गया था। जिसके संपर्क में आकर जंगली मादा हाथी की मृत्यु हुई है। घटना स्थल के आसपास में जंगली हाथियों का विचरण क्षेत्र है। आरोपियों द्वारा विद्युत तार फैलाकर करंट लगाने से एक वन्य प्राणी की हत्या कर दी। आरोपियों ने मौके पर से साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से सारे तार खूंटा आदि निकालकर छिपा दिया था, जिसे वन अमलों के द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा छिपाये गये तार को बताया एवं जप्त कराया तथा वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है।

### 20 हजार मतदाताओं को एक साथ अपने मत का प्रयोग करने की दिलाई गई शपथ

**धमतरी 26 अक्टूबर ।** बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी (दशहरा) का आयोजन 24 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे विध्यवासिनी मंदिर के पास स्थित रामलीला मैदान में किया गया। कलेक्टर श्री ऋ्तुराज रघुवंशी के निर्देश पर उक्त कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप भी आयोजित किया गया, रामलीला कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले के मतदाताअें को प्रलोभन, पैसा, शराब, साड़ी-गहना, डर, मुर्गा, दबाव, जाति, धर्म और आलस्य से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करने की बात कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम श्री विनय पोयाम, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, सहायक संचालक शिक्षा श्री लक्ष्मण राव मगर, सहायक संचालक लाईवलीहुड श्री शैलेन्द्र गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनां में अपने मताधिकार कर प्रयोग करने प्रेरित किया।

## निःस्वार्थ भाव से जनसेवा मेरा लक्ष्य:ओपी चौधरी



**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** भाजपा प्रत्याशी ओ पी चौधरी ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत आज शहर के दिगंबर व श्वेतांबर जैन समाज से जुड़े सदस्यों से भेंट की। रेलवे स्टेशन स्थित जैन मंदिर में युथ आइकॉनए मिलनसारए व्यक्तित्व के धनी भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी का जैन समाज के लोगों ने गरिमामय अगवानी की। चौधरी ने मंदिर में माथा टेकते हुए विधिवत पूजा दृ अर्चना कर सर्व सामाज के सुख शांति समृद्धि की कामना की। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैनए श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष श्री नितेश शाह सहित अजीत मेहताए अखिलेश जैन व पर्वतारोही याशी जैन ने श्री चौधरी का तिलक लगाकर शालए श्री फल व पुष्पाहार से आत्मीय स्वागत किया । आरम्भ में मुकेश जैन ने श्री चौधरी के व्यक्तित्व से उपस्थित जनों को परिचित कराया। अपने सारगर्भित उद्बोधन में ओपी श्री चौधरी ने भी राजनीति में आने का मकसद बताते हुए कहा निरूस्वार्थ भाव से जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य है।राजनीति से जुड़े निर्णय आम जनता को प्रभावित करते है। सर्वांगीण विकास के जरिए छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने का लक्ष्य बताते हुए ओपी ने कहा सार्वजनिक जीवन में अच्छे निर्णयों की जनता सराहना करती है। राजनीति से जुड़े व्यक्ति की पीठ पीछे सराहना ही उसके राजनैतिक जीवन की असल सकमाई है।

## मतदान केन्द्रों में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण:कलेक्टर

**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया एवं मतदान केन्द्रों में उनकी भूमिका से अवगत कराया गया।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन में मतदान केंद्रों की सभी गतिविधियों को आब्जर्व करने में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जिसकी रिपोर्ट बनाकर ऑब्जर्वर को समय में भेजना सुनिश्चित करेंगे। मतदान दिवस में सभी समय पर पहुंच मॉक पोल, सीआरसी वास्तविक मतदान एवं ईवीएम सीलिंग जैसे विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होगी, जिनको आब्जर्व करते हुए रिपोर्ट तैयार करना होगा। जिसके लिए प्रशिक्षण रखा गया हैं, ध्यान से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने डाउट क्लियर करें। इसके साथ ही प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझे। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश मोर एवं जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल ने आयोजित प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर को क्रमशः मतदान केन्द्र में उनके कार्यों, बरती जाने वाली सावधानियों के साथ ही प्रशिक्षण में ईव्हीएम और वीवीपेट मशीन की बारीकियों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि लोकत्रंत में हर व्यक्ति का वोट महत्वपूर्ण होता हैं।



जिसके तहत निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न कर्मचारियों को फार्म 12 एवं फॉर्म 12 (क) भरवाया गया। प्रशिक्षण में बैंक, जीवन बीमा, डाकघर, एनटीपीसी, एसईसीएल, केन्द्रीय विद्यालय जैसे विभिन्न केन्द्रीय विभागों के लगभग 450 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव, तहसीलदार नेहा उपाध्याय, श्री अनिल गुप्ता, डॉ.नरेन्द्र पर्वत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।आपातकालीन चिकित्सा संबंधी कार्यशाला का हुआ आयोजनआयोजित प्रशिक्षण में निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था संबंधी कार्यशाला भी रखी गई थी। आपातकालीन चिकित्सा स्टेट कार्डिनेटर पवन कुमार राठौर, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिहं ठाकुर एवं डॉ.दीप्ति ने हार्ट अटैक, मिर्गी, स्ट्रोक, स्नेक बाइट के लक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान अपने स्तर पर सभी प्रकार की दवाइयां रखना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को सीपीआर देने संबंधी जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया की निर्वाचन आयोग के निर्देशन में आपातकालीन चिकित्सा हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर के हॉस्पिटल का चयन किया गया हैं, जहां निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाएगा।

# शाही दशहरा उत्सव को लेकर छुरा थाने मे हुई शांति समिति की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 26 अक्टूबर।** छुरा थाना प्रांगण मे बुधवार को छुरा नगर मे आगामी दिनों मे होने वाले शाही दशहरा उत्सव को लेकर तहसीलदार छुरा शतरूपा साहू, के अध्यक्षता मे थाना प्रभारी प्रशिक्षु डी.एस.पी.प्रवीण भारती के द्वारा शान्ति समिति की बैठक ली गई बैठक मे दशहरा उत्सव समिति के सदस्य, नगर के गणमान्य नागरिक सहित नगर के व्यापारीगण उपस्थित थे, बैठक मे थाना प्रभारी प्रवीण भारती ने नगर मे 27 अक्टूबर को रावणभाठा मैदान मे आयोजित शाही दहशरा उत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुए समिति के सदस्यों से दशहरा के दिन होने वाली कार्यक्रम के बारे मे चर्चा की जिसमे दशहरा उत्सव समिति के द्वारा बताया गया की नगर मे हर वर्ष दहशरा उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है समिति के सदस्यों के द्वारा बाजे गाजे व डी. जे. के साथ छुरा के राजा के घर जाकर उनका सम्मान कर राजमहल से दहशरा मैदान तक लाया जाता है जिसके बाद आतिशबाजी के कर दहशहरा उत्सव का त्यौहार मनाया जायेगा रात मे समिति के द्वारा शीतला मंदिर प्रांगण मे जगराता कार्यक्रम का आयोजन करने की बात कही थाना प्रभारी प्रवीण भारती ने बैठक मे उपस्थित लोगो से कहा की इस बार आचार सहिंता लागू है इसलिये डी. जे. व रात्रि कालीन कार्यक्रम के लिये अनुविभागीय अधिकारी महोदय से अनुमति जरूरी है उन्होंने आगे कहा की कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य नहीं करे जिससे दूसरे की भावनाए आहत हो साथ ही आतिशबाजी का कार्यकम को भी सावधानी पूर्वक करने की बात कही, नगर के गणमान्य नागरिक व व्यापारी बन्धुओ ने थाना प्रभारी को बताया की गणमान्य नागरिक व व्यापारी बंधुओ के द्वारा पुलिस प्रशासन के कहने पर नगर के चौक चौराहे मे सी. सी. टीवी कैमरे लगवाएं गये थे जो बंद पड़े है जिसे फ़िर से सुधरवा कर सी. सी. टीवी को चालु करवाने की मांग रखी गई, इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा, छुरा नगर पंचायत के अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, छुरा सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराम ध्रुवा, इस्माइल मेमन, बजरंग पांडे, दिनेश कोठरी, डॉ योगेंद्र चंद्राकर, मानसिंग निषाद, रितेश दीक्षित, दुर्गेश(मोनू)सेन, शीतल ध्रुव, पुनीत ठाकुर, अब्बास बेग, इस्माइल खान, यूनुस मेमन, सूजल कोठारी, आनंद निषाद, यशवंत यादव, अनीश सोलंकी, इमरान मेमन, गोल्ड्न यादव, यामिनी चंद्राकर सहित नगर के गणमान्य नागरिक व्यापारी बंधु उपस्थित थे।

## एक नजर

### जुआ खेलते आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी श्री अमित तिवारी के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 847/2023 धारा 13 जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ प्रति. अधि. की 2022 की धारा 3(2) के आरोपीयों को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया। मामले का विवरण इस प्रकार है कि 24 अक्टूबर को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि सोनबरसा जंगल के पास ग्राम सलौनी मे कुछ लोग ताश पत्ती से रूपये पैसे की हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं की सूचना पर रेड कार्यवाही किया जिसमें आरोपी लक्ष्मण दिनकर पिता रामचंद दीनकर उम्र 38 साल केशव ऊर्फटिंगु अंचल पिता बनवासी उम्र 34 साल दोनो साकिनान गोडाडीह तहसील पचपेडी थाना पचपेडी जिला बिलासपुर का पकड़े गये आरोपीयों से कुल 24500/ रू एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ प्रति. अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्र. आर. अंजोर सिंह मांझी एवं आरक्षक क्र. 134, 839, 634, 300, 279, 889 का विशेष योगदान रहा।

### मिशन इन्द्रधनुष 5.0 का तृतीय चरण 31 अक्टूबर तक

**बालोद, 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अन्तर्गत सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के तीसरे चरण का आयोजन 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक किया जावेगा। कार्यक्रम अन्तर्गत नियमित टीकाकरण से छुटे हुए बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जावेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। जिले के सभी कोल्ड चेन पाइंट में नियमित टीकाकरण से संबंधित टीकों का वितरण किया जा चुका है। संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण, बैनर-पोस्टर, प्रपत्र की छपाई एवं वितरण पूर्ण किया जा चुका है। मिशन इन्द्रधनुष अभियान में लगने वाले टीके इस बार ऑनलाईन माध्यम से पोर्टल में पंजीयन कर किया जावेगा। नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण तथा डिजिटलाईजेशन हेतु भारत सरकार द्वारा न्ॅ.प्छ प्रारंभ किया गया है। जिसके अन्तर्गत नियमित टीकाकरण के सत्र की प्लानिंग, सत्र का क्रियान्वयन, टीकाकरण की रिपोर्टिंग, टीकाकरण पश्चात् सर्टिफिकेट, लाभार्थियों का ड्यूलिस्ट तैयार करना आदि समस्त प्रकार के कार्य के माध्यम से ऑनलाईन किया जाना है। सभी नागरिकों से अपील किया जाता है कि आपके घर या आस-पास क्षेत्र में ऐसे कोई गर्भवती महिला या शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चे जो टीकाकरण छुटे हुए हैं उन्हें अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में ले जाकर टीकाकरण करावें। टीका लगाने हेतु प्रेरित करें।

### 2 सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा

**बलौदाबाजार (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में 20 अक्टूबर को ग्राम जुड़ा में आरोपी छोटू उर्फराजेंद्र बंजारे एवं भुवनेश्वर प्रसाद बघेल द्वारा अपने घर पास अंकों के माध्यम से सट्टा नामक जुआ खिलाने के मुखबीर सूचना पर सायबर सेल टीम के साथ दबिश दिया गया एवं रेड कार्यवाही कर पहले मामले के आरोपी छोटू उर्फराजेंद्र बंजारे के कब्जे से नगदी 1220/-, सट्टा पट्टी, डाट पेन एवं दूसरे मामले के आरोपी भुवनेश्वर प्रसाद बघेल से नगदी 1690 रुपए एवं सट्टा पट्टी, एक डॉट पेन बरामद कर जप्त किया गया एवं धारा 4क जुआ एक्ट, धारा 6 छ. ग. जुआ प्रति.अधि. 2022 के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर 21 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# तिल्दा में शिक्षिका भारती ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को किया प्रेरित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा, 26 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला रायपुर के नगर पालिका तिल्दा अंतर्गत कोहका कालोनी में सक्रिय व नवाचारी शिक्षिका भारती वर्मा के द्वारा हमारा परिवार धार्मिक उत्सव समिति के पंडाल में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते हुए स्वीप सुआ व मतदान हेतु शपथ दिलाया गया। जिसमें कालोनी के सभी नागरिक गण शामिल हुए।

शिक्षिका भारती वर्मा ने बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि सभी मतदान आगामी मतदान दिवस अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान करे और अपना जनप्रतिनिधि का चुनाव करे। जागरूकता अभियान में नव मतदाताओं को भी अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी सार्वजानिक स्थलों, हाट बाजारों, स्कूल कालेजों में स्वीप की टीम जा जाकर दस्तक दे रही है।

शिक्षिका भारती वर्मा ने आगे बताया कि इसी क्रम में आज हमारे कालोनी के दुर्गा पंडाल में स्वीप सुआ का आयोजन किया गया, जिसमे समिति के सभी सदस्यों के साथ कालोनी की महिलाए व युवतियों ने अपना सहभागिता निभाया। स्वीप सुआ के माध्यम से हमने सन्देश देने का प्रयास किया कि आगामी चुनाव के साथ साथ सभी चुनावों में हमें अपने मत का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए ताकि हम अपने लिए एक सही जन प्रतिनिधि का चुनाव कर सके। चुनाव आयोग के द्वारा लगातार निष्पक्ष व निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन के अपने मत का उपयोग करने के लिए अपील किया जाता रहा है, ये सन्देश सभी को दिया गया। कालोनी के सभी नव मतदाताओं को वोट करने के लिए प्रेरित करते हुए दुर्गा पंडाल के मंच से सभी उपस्थितजनों को शपथ दिया गया।

उक्त जागरूकता कार्यक्रम में कालोनी के समिति के अध्यक्ष आलोक वर्मा, उपाध्यक्ष आनंद श्रीवास, संरक्षक रामकिशोर साहू, सलाहकार रमेश वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय चंद्राकर व ललित वर्मा, सचिव उमेशवर्मा व सियाराम साहू, सदस्यगण नरेन्द्र वर्मा, नरसिंघ वर्मा, नीलेश्वर, अश्विनी वर्मा, लोकेश, अनिल, तोरण, यशवंत, भीष्म, देवेंद्र, डोमार, ओ पी वर्मा उपस्थित रहे।

बॉक्स में

नवमतदाताओ में उत्सुकता वोट डालना हर किसी को रोमांचित करता है, खासकर जब आप पहली बार वोट कर रहे हो। ऐसी ही उत्सुकता देखने को मिला स्वीप सुआ के दौरान श्रद्धा वर्मा, भूमिका कश्यप, एकता वर्मा जो नवमतदाता के रूप में पहली बार चुनाव में सम्मिलित हो रहे है। उन्होंने कहा कि हम स्वयं वोट करने जायेंगे साथ ही अपने दोस्तों, सगे संबंधियों व पड़ोसियों को भी 17 नवम्बर के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। भारती वर्मा शिक्षिका के द्वारा जो हमे मतदान सम्बन्धी शपथ दिलाया गया है उसका हम अक्षरश पालन करेंगे।

## व्यय प्रेक्षक ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

# अभ्यर्थियों को बैंक खाता व सोशल मीडिया एकाउंट की देनी होगी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 26 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस संतोष कुमार गुप्ता ने रविवार को सर्किट हाउस में व्यय अनुवीक्षण, मीडिया अनुवीक्षण, एमसीसी, एसएसटी वीएसटी के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा -निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को बैंक में खुलवाए गए अपना नया बचत खाता तथा सोशल मीडिया एकाउंट की जानकारी नामांकन प्रपत्र में देना होगा।

व्यय प्रेक्षक ने उड़न दस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के सदस्यों की बैठक में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों के व्यय की सीमा निर्धारित की गई है तथा इन सभी दलों और समितियों के समन्वित कार्य, प्रभावी निगरानी और त्वरित कार्यवाही के माध्यम से इसे सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में आयकर विभाग, आबकारी विभाग, बैंक और पुलिस बल के जवानों के माध्यम से सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बैंक में एक लाख से अधिक के प्रत्येक लेन-देन की जानकारी प्रदान करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री गुप्ता ने कहा कि मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति सभी अखबार, टेलीविजन चैनल, एफएम रेडियो सोशल मीडिया के साथ ही स्थानीय केबल टीवी, सिनेमा हाल व अखबारों के साथ बांटे जाने वाले पाम्पलेटों पर भी नजर रखेगी। उन्होंने अभ्यर्थियों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री तथा नकद राशि वितरण की निगरानी के लिए वीडियो टीम के उपयोग पर भी जोर देते हुए किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर व्हीसी एक्का, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार दास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, ईईएम नोडल अधिकारी एवं जिला कोषालय अधिकारी केके दुबे, लेखा अधिकारी उत्तम तुर्काने, लाइजनिंग अधिकारी व्यय प्रेक्षक कुंदन कुमार बंजारे सहित विभिन्न दलों और समितियों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले के तीनों विधानसभा के लिए तीसरे दिन 14 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र लिया

# अब तक कुल 39 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 अक्टूबर।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा हेतु नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही जारी हैं। नाम निर्देशन पत्र के तीसरे दिन आज संयुक्त जिला कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र हेतु बनाए गए कक्ष में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 कसडोल हेतु आज 4 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम सिंघोरा से शिवशंकर अग्रवाल, कसडोल नगर से परमेश्वरी सिंह, रायपुर निवासी संदीप साहू एवं ग्राम खपरी स से मनोज कुमार का नाम शामिल है। इस तरह कसडोल के लिए अभी तक कुल 13 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है। इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 बलौदा बाजार हेतु आज 3 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम सोनपुरी से अजय गर्ग, ग्राम रिसदा कुशल वर्मा एवं ग्राम बुड़गहन से नीलम संजय भारद्वाज ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए है। इस तरह बलौदाबाजार के लिए अभी तक कुल 13 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है। इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 भाटापारा हेतु कुल 7 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें भाटापारा नगर से चंद्रकांत यदु, ग्राम मर्राकोना से दयाशंकर निषाद, ग्राम तरेंगा से संगीता साहू, सिमगा नगर से गोपाल, भाटापारा नगर से शिवरतन शर्मा, ग्राम सिनोधा से राकेश कुमार एवं ग्राम तरपोंगा से खेमराज शामिल है। इस तरह भाटापारा के लिए अभी तक कुल 13 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है। इस तरह तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज तीसरे दिन 14 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। आज दिनांक तक कुल 39 नाम निर्देशन पत्र लिए गए है एवं नाम निर्देशन पत्र जमा करने वालों की संख्या 1 है।

### कसडोल से पांच अभ्यर्थियों ने खरीदे नाम निर्देशन पत्र

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत आज जिले के तीनों विधानसभा हेतु नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार के देखरेख में शुरू हो गई है। नाम निर्देशन पत्र के प्रथम दिन आज संयुक्त जिला कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र हेतु बनाए गए कक्ष में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 कसडोल हेतु कुल 5 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम सरवानी से जगजीवन सतनामी, ग्राम खपरीडीह खुर्द (तिल्दा) मनहरण सतनामी, बलौदाबाजार नगर से प्रमोद शर्मा, ग्राम बरेली गोपकुमार पटेल एवं ग्राम कंजी से लेख राम साहू शामिल है। इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 बलौदा बाजार हेतु कुल 3 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम चांपा से डेमन लाल वर्मा, बलौदाबाजार नगर से प्रमोद शर्मा एवं ग्राम तिल्दा से गौकरण निषाद शामिल है। इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 भाटापारा हेतु कुल 4 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें हथनीपारा से नारायण साहू, ग्राम कामता से जितेंद्र कुमार, ग्राम खैरी से पंचराम एवं भाटापारा नगर से इंद्र साव शामिल है। इस तरह तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए आज 12 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। साथ ही आज दिनांक को नाम निर्देशन पत्र जमा करने की संख्या निरंक है। गौरतलब है कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने और जमा करने की तिथि 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) सबेरे 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन की संवीक्षा 31 अक्टूबर, अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवंबर, मतदान की तिथि 17 नवंबर और मतगणना की तिथि 3 दिसंबर निर्धारित है।

## समाचार संक्षेप

### चाइल्ड पॉर्नोग्राफी मामले में झारखंड के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार गृह मंत्रालय के ह्ष्ट्रक्र शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित सायबर टीपलाईन के अनुसार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में विभिन्न सोशल मीडिया पर बच्चों से संबंधित पोर्नोग्राफी विडियो अपलोड करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही लगातार की जा रही है।



ऑनलाइन साइट अथवा माध्यमों से किसी भी प्रकार से बच्चों से संबंधित पोर्नोग्राफी वीडियो/फोटो अपलोड करना कानूनन अपराध है। इस प्रकार के कृत्य में भारत सरकार गृह मंत्रालय के ह्ष्ट्रक्र शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित सायबर टीपलाईन के अनुसार संबंधित आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जाती है। इसी क्रम में एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी हथबंद निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना हथबंद के अपराध क्र. 65/23 धारा 67.67 (ख) आईटी एक्ट 14 पाक्सो एक्ट का भारत सरकार गृह मंत्रालय के ह्ष्ट्रक्र शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित सायबर टीपलाईन विषयक में उचित कार्यवाही हेतु सायबर टीप लाईन विषयक के संदेही का दिनांक घटना समय 11.01.2023 के 17.40 बजे अ्रष्ट का लॉगिन आई.पी. एड्रेस दिया गया। उक्त आई.पी. का सेवा प्रदाता कंपनी से जानकारी प्राप्त कर विश्लेषण किया गया, जिसमे लॉगिन आई.पी. का टावर लोकेशन घटना दिनांक व समय में संदेही मोबाईल के धारक का थाना हथबंद क्षेत्र में होना बताया गया है। जिस पर थाना हथबंद द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना में सोशल मीडिया में बच्चों से संबंधित पोर्न विडियों को अपलोड करने वाले आरोपी के आईपी एड्रेस से पता करने पर आरोपी के मोबाईल नंबर 80856 10462 के द्वारा विडियो अपलोड करना पता चला। जिस पर कार्यवाही करते हुए आरोपी मोबाईल धारक मिथिलेश यादव पिता बाला यादव उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम मदनपुर शासकीय स्कूल के बगल थाना छतरपुर जिला पलामू झारखंड को जिला रायगढ़ के तमनार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक अजय झा, आरक्षक रमेश वर्मा, धनेंद्र यादव, रूपेश चंद्रवंशी के साथ जिला रायगढ़ से उप पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, निरीक्षक निरीक्षक आशीताप खातोनकर का विशेष योगदान रहा।

### चाकु लहरा कर लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार दीपक कुमार झा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में आगामी विधान सभा-2023 को शांतिपूर्ण कराने हेतु असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर कार्यवाही करने की निर्देश दिए है, जिस पर अमल करते हुए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हेमंत पटेल के नेतृत्व में 21 अक्टूबर को पुलिस चौकी करहीबाजार स्टाफ द्वारा आरोपी भाउराम यादव पिता स्व. मानसिंह यादव उम्र 48 साल साकिन रमदैया चौकी करही बाजार को अपने हाथ में चाकु लेकर लहराते हुये आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था, जिसके कब्जे से एक लोहे का धारदार हथियार खुखरी चाकु मौके पर गवाहों के समक्ष वजह सबुत में जप्त कर विधिवत् गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई है। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जहां से जेल बलौदा बाजार में निरुद्ध किया गया। इस कार्यवाही में प्र.आर. संतोष ध्रुव, आरक्षक वेदप्रकाश मरावी, खुमान सिंह साहू, मोहित जगत पुलिस चौकी करहीबाजार का विशेष योगदान रहा।



### महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाला कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 21.10.2023 को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम गातापार में अपने घर के पीछे बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 5000 कीमत मूल्य का कुल 25 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



## एक नजर

### मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा का आयोजन राजभवन में

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सभी ग्राम पंचायतों से भारत के शहीदों के सम्मान में घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्रित की गई। प्रदेश के 33 जिलों के 146 विकासखंडों के अंतर्गत हर गांव से संग्रहित मिट्टी, राजभवन लायी जायेगी। इस अवसर पर राजभवन में 27 अक्टूबर को राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आजादी के 75वें वर्ष का जश्न मनाते हुए अमृत कलशों को राजधानी नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर पहुंचाया जायेगा।

### जुलूसे गौसिया 27 को

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** छग गौसुल आजम कमेटी बैजनाथपारा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार हजरत शेख मोहियुद्दीन अब्दुल कादिर जिलानी गौस पाक के माह ग्यारहवी शरीफ के संबंध में गौसुल आजम कांफ्रेंस आज रात 9 बजे सीरत मैदान बैजनाथपारा में होगी जिसमें शाह मो. अशरफ कलीम, अशरफीयुल जीलानी जाइस शरीफ एवं अहमद जमाल अशरफ अशरफीयुल जीलानी, रायबरेली का खिताब होगा। 27 अकटूबर 3 बजे जुलूसे गौसिया महबूबिया चौक बैजनाथपारा से प्रारंभ होगा। जिसकी कयादत हजरत सै. मूसा निजामी (दीवान दरगाह) हजरत निजामुद्दीन औलिया दिल्ली करेंगे। जुलूस शहर का गश्त करता हुआ सीरत मैदान बैजनाथपारा में समाप्त होगा, जहां परचम कुशाई, मगरिब की नमाज व आम लंगर होगा।

### अमेजन ने त्योहारों को बना दिया है खास

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** उत्सव की भावना में और अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए, अमेजन पे ने ग्राहकों के लिए ऑनलाइन शॉपिंग को सुविधाजनक और किफायती बनाने के लिए 'रुपे क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई' की शुरुआत की है। यह ऑफर रूपे क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई सुविधा देने वाले आठ प्रमुख बैंकों की ओर से दिया जाएगा। रूपे क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई के साथ ग्राहकों को त्योहारी अवधि के दौरान खरीदारी करने के लिए लचीलापन और सामर्थ्य में वृद्धि मिलेगी। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के पहले 48 घंटों के दौरान, ईएमआई सबसे पसंदीदा भुगतान मोड के रूप में उभरा, जिसमें 4 में से 1 शॉपिंग ऑर्डर किश्तों पर दिया गया; और 4 ईएमआई ऑर्डर में से 3 पर नो कॉस्ट ईएमआई के रूप में।

### ज्वेलर्स शॉप से 6 लाख के जेवर पार

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** मोवा स्थित रूपचंद ज्वेलर्स शॉप का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 6 लाख का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सिद्धार्थ बेगानी 35 वर्ष टैगोरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी का मोवा में रूपचंद ज्वेलर्स नाम से दुकान है। बताया जाता है कि 24-25 अक्टूबर की दरम्यानी रात अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर सोने के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 6 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### बुजुर्ग महिला के खाते से 88 हजार पार

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** अज्ञात व्यक्ति ने बुजुर्ग महिला के खाते से दो बाार 88500 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया डॉ. पुष्पा अग्रवाल 69 वर्ष तिरूपति अपार्टमेंट टैगोरनगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिया के एसबीआई बैंक खाता से 2 बार में 88500 रुपए आहरण कर लिया।

# भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## रायपुर जिले के कांग्रेस प्रत्याशियों ने भरा नामांकन, मोदी-शाह की चुनावी सभाएं कराने भाजपा का प्लान

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** रायपुर जिले में कांग्रेस प्रत्याशियों ने आज सामूहिक रूप से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशेष रूप से उपस्थित थे। रायपुर जिले के अंतर्गत सात विधानसभा क्षेत्र आते हैं। रायपुर शहर के अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र रायपुर दक्षिण से महंत रामसुंदर दास, पश्चिम से विकास उपाध्याय, उत्तर से कुलदीप जुनेजा, ग्रामीण से पंकज शर्मा तथा धरसींवा से छाया वर्मा, आरंग से शिव डहरिया व अभनपुर से धनेन्द्र साहू ने नामांकन भरा है। कांग्रेस के प्रत्याशियों द्वारा इसके पहले भी अपना एक-एक नामांकन पत्र भर दिया गया है।

**भाजपा प्रत्याशी 30 को भरेंगे सामूहिक नामांकन:** भाजपा स्वागत समिति के लोकेश कावड़िया ने बताया कि भाजपा के सभी प्रत्याशी 30 नवम्बर को अलग-अलग जिलों में जुलूस निकालकर नामांकन दाखिल करेंगे। रायपुर शहर में स्मृति ईरानी, दुर्ग में रविशंकर प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। भाजपा के छग प्रभारी ओम माथुर, सहप्रभारी नितिन नबीन यहां पहुंच गए हैं। वे यहां पर बैठक ले रहे हैं। सभी नए प्रत्याशियों को बी-1 फार्म भेज दिया गया है। कावड़िया के अनुसार निकट भविष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की चुनावी सभाएं कराया जाना प्रस्तावित है।

# निष्पक्ष मतदान कराने दलों का प्रशिक्षण प्रारंभ

## 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों की होगी वेबकास्टिंग, मतदान दलों की संख्या 25 हजार से ज्यादा, लगेंगे एक लाख से अधिक कर्मचारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 90 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराने के लिए दलों को विधिवत प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया गया है। इसमें करीब 1 लाख से अधिक कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएगी। पहले चरण में सात नवम्बर को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान होना है। इसके लिए बड़ी संख्या में केंद्रीय पुलिस बल और हेलीकाप्टर मंगाया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 24109 केंद्र हैं। इनमें से 3227 शहरी क्षेत्रों में तथा 17693 ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। राज्य के सभी मतदान केंद्रों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। प्रथम चरण का मतदान सात नवम्बर को होना है। 20 विस क्षेत्रों में मतदान कराने के लिए मतदान दलों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया गया है। पिछले चुनाव में 20 हजार मतदान दल बनाए गए थे। इस वर्ष 25 हजार मतदान दल बनाए जाएंगे। पिछले चुनाव में 80 हजार कर्मचारियों को तैनात किया गया था। इस चुनाव में करीब 1 लाख से अधिक कर्मचारियों को ड्यूटी में लगाया जाएगा। जिले में विधिवत् प्रशिक्षण शुरू हो गया है। राज्य में प्रत्येक विस क्षेत्र के अंतर्गत 10 संगवारी मतदान केंद्र होंगे जो महिला मतदान दल द्वारा संचालित होंगे। पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। प्रत्येक विस क्षेत्र में एक दिव्यांग संचालित मतदान केंद्र, एक युवा मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इस तरह कुल 900 संगवारी मतदान केंद्र एवं 450 आदर्श मतदान केंद्र, 90 दिव्यांग मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। मतदान दलों को वीवी पैट, ईवीएम सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। मतदान दलों को एक दिन पहले पहुंचना होगा। मतदान केंद्रों में सहयोग हेतु मतदाता मित्र रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार एक मतदान केंद्र में अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1500 होगी। 15 सौ से अधिक मतदाताओं की संख्या वाले मतदान केंद्र में सहायक मतदान केंद्र बनाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों में मतदान दिवस को लाइव वेबकास्टिंग कराई जाएगी।

### सुरक्षा बल और हेलीकाप्टर शीघ्र तैनात होंगे नक्सल क्षेत्रों में

डिप्टी सीईओ आशीष टिकरिहा ने बताया कि नक्सल प्रभावित जिले मानपुर-मोहला, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा, चित्रकोट, कोंटा में नक्सलियों से निपटने केंद्रीय सुरक्षाबल तैनात किया जाएगा। यहां पर कई ऐसे स्थान हैं जहां पहली बार मतदान केंद्र बनाया गया है। राज्य में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था तथा अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बनाए गए हैं। गरियाबंद, महासमुंद, कांकेर तथा बस्तर जिलों की सीमाएं सील कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से अनुमोदन मिलने के बाद वे और जानकारी देंगे।

### वृद्धजन, शारीरिक निःशक्त और कोविड संक्रमित/संदिग्ध मतदाता डाक मतपत्र से घर पर ही कर सकेंगे मतदान



रायपुर, 26 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत राज्य में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों एवं कोविड 19 संक्रमित/संदिग्ध मतदाताओं को मतदान करने हेतु डाक मतपत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। अब इन वर्गो के ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केंद्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैं, वे फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का यह प्रयास है कि समाज का कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटे।

### 1 नवम्बर से होनी है धान खरीदी

# ईडी की कार्रवाई, मार्कफेड के कई कर्मचारी गायब

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** मार्कफेड के प्रबंध संचालक को हटाए जाने के बाद यहां पर कर्मचारी दहशत में आ गए हैं। ईडी के कार्रवाई के पश्चात कई कर्मचारी गायब बताए जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ईडी ने प्रबंध संचालक मनोज सोनी के निवास पर छापा मारा तथा यहां पर कस्टम मिलिंग के एवज में भारी वसूली करने का रिकार्ड भी जब्त कर लिया है। छत्तीसगढ़ के कई मिलर्स एवं चावल व्यापारी पकड़े गए हैं। इनके खिलाफ शीघ्र ही चार्जशीट पेश कर दी जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 1 नवम्बर से धान खरीदी की जानी है। इसके लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### इरफत आरा संभालेंगी कमान

मार्कफेड की नई एमडी इरफत आरा को बनाया गया है। सहायक के रूप में प्रवीण सिंह की नियुक्ति की गई है। एक नवम्बर से धान खरीदी शुरू की जाएगी। इसके लिए धान खरीदी के लिए बैंकों से लोन लेना पड़ेगा। राज्य में 20 हजार से अधिक धान उपार्जन केंद्र बनाए जाएंगे। धान खरीदी के लिए इस वर्ष बायोमेट्रिक सिस्टम लागू किया गया है। सहकारी समितियों में एक ट्रस्टेड मेन की नियुक्ति की जाएगी जो कि धान खरीदी के लिए सहयोग करेगा।

# कलेक्टर ने स्ट्रॉग रूम का किया निरीक्षण



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव सामग्री के वितरण और आने की व्यवस्था का भी अवलोकन किया।

डॉ भुरे ने कहा कि जिन विधानसभाओं की ईवीएम स्ट्रॉग रूम में रखी जानी है, उसमें सारी व्यवस्था पुख्ता की जाए। जहां मतगणना होनी है वहीं पर ईवीएम की कमिशनिंग भी की जानी है। इस संबंध में उपयुक्त इंतजाम किए जाएं। पुलिस विभाग सुरक्षा के साथ-साथ सेजबहार के रास्ते यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित करें। यथास्थान सीसीटीव्ही भी लगाएं। यह ध्यान रखें कि ड्यूटी में आए कर्मचारियों को यथासंभव सुविधा मिले एवं कोई तकलीफ ना हो। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर, एसडीएम श्री देवेन्द्र पटेल, श्री अतुल विश्वकर्मा सहित पीडब्लूडी के अधिकारी उपस्थित थे।

### 9 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं चरणदास

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डा. चरणदास महंत करोड़ों के आसामी हैं। उनके नाम पर 1 करोड़ 6 लाख 427 रूपये की चल संपत्ति है। वहीं 7 करोड़ 74 लाख 76 हजार 903 रूपये की अचल संपत्ति कृषि भूमि, भोपाल में आवासीय मकान , रायपुर में एचआईजी आवासीय प्लाट और सारागांव में आवास व बगीचा सहित संयुक्त खाते की जमीन भी है। नामांकन के दौरान दिए गए शपथ में डा. महंत ने जानकारी दी है कि उनके पास नकद 1 लाख रूपये है। वहीं स्टेट बैंक भोपाल में 1955 रूपये, एसबीआई सारागांव में 12 लाख 60 हजार 60 रूपये, एसबीआई दिल्ली में 9 लाख 63 हजार 938 रूपये, सहकारी बैंक सारागांव में 19 लाख 47 हजार 382 रूपये जमा है। इसके अलावा देवेंद्र नगर रायपुर के एचडीएफसी बैंक में 34 लाख 71 हजार 496 रूपये का फिक्स डिपाजिट है इसके अलावा 25 लाख वेल्यू की बीमा पालिसी एलआईसी में है। इसका सरेंडर वेल्यू 20 लाख 22 हजार 666 रूपये है। इसके अलावा डा. महंत के पास 58.32 ग्राम सोने के गहने हैं। जिसकी कीमत 2 लाख 64 हजार 613 रूपये है। लगभग एक किलोग्राम चांदी के गहने हैं जिसकी कीमत 59 हजार 317 रूपये है। उनके पास 5 लाख 40 हजार रूपये के घरेलू गैजेट व सामग्री है। डा. महंत के पास कृषि भूमि ग्राम सारागांव , ग्राम बचेरा तहसील सिमगा में 20 एकड़ से अधिक है। सारागांव की कृषि भूमि की कीमत 2 करोड़ 82 हजार 970 रूपये है इसमें डा. महंत की 50 प्रतिशत भागीदारी है।

# आतिशबाजी के लिए समय निर्धारित

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** राज्य में केवल हरित पटाखों का उपयोग एवं विक्रय ही हो सकेगा। साथ ही दीपावली, छठ, गुरू पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोड़ने के लिए दो घंटे की अवधि निर्धारित की गई है। उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मार्गदर्शिका के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में निर्देशों का कड़ाई से पालन करने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है। दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस के मौके पर दो घंटे की अवधि पटाखे फोड़ने के लिए निर्धारित की गई है। दीपावली के लिए रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा के लिए सुबह छह बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरु पर्व के लिए रात 8 बजे से रात 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। क्रिसमस/नया वर्ष के लिए रात्रि 11 बजकर 55 मिनट से रात्रि 12 बजकर 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। शीत ऋतु में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए वायु( प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 19 की उपधारा 5 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ एवं कोरबा के नगरीय क्षेत्रों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक की अवधि में पटाखों का जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है।

उच्चतम न्यायालय द्वारा 23 नवंबर 2018 को पारित आदेश के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में कुछ अन्य निर्देश भी दिये गये हैं। इनमें कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस्ड ट्रेडर द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाइसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये हैं जिनके द्वारा पटाखों में लीथियम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। आनलाइन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाइटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजान आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। उक्त निर्देशों के कड़ाई से पालन के निर्देश जिला प्रशासन को दिये गये हैं।

# कांग्रेस का फर्स्ट टाइम वोटर मैराथन 30 को

## 100 विजेताओं को मिलेगा सीएम भूपेश से मिलने का मौका

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** कांग्रेस ने आगामी 2023 छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में प्रथम बार वोट देने वाले लोगों की संख्या लगभग 18 लाख है। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि युवा मतदाता देश का भविष्य है। इन युवा मतदाताओं को चुनाव में भाग लेने और प्रेरित करने के लिये कांग्रेस पार्टी एक मैराथन का आयोजन करने जा रही है। 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मतदान करने की उम्र सीमा 21 साल से घटाकर 18 वर्ष की थी। इस निर्णय के बाद से भारत में युवा मतदाताओं की लोकतंत्र में सहभागिता बढ़ी है।

लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में उनकी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये कांग्रेस पार्टी एक वोटर जागरूकता मैराथन का आयोजन कर रही है। मैराथन में 18 से 25 वर्ष के युवा भाग ले सकेंगे। मैराथन के माध्यम से युवा मतदाता चुनाव में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित होंगे, एक- दूसरे से जुड़े सकेंगे और अपने मताधिकार के बारे में जागरूक हो सकेंगे। एक मैराथन में रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन और ऑफ्लाइन दोनों तरीकों से किया जा सकता है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म लिंक और क्यूआर कोड के जरिये किया जा सकता है और ऑफ्लाइन फॉर्म के जरिये भी किया जा सकता है। जिसकों पार्टी के कार्यकर्ता फर्स्ट टाइम वोटर्स के बीच में ले जा रहे है। मैराथन तेलीबांधा तालाब से सुबह 7 बजे चालू होगा और घड़ी चौक होते हुये गांधी मैदान तक जायेगी।




इस मैराथन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कन्हैया कुमार और छत्तीसगढ़ के स्पोर्ट्स इंफ्लूएंसर शामिल होंगे। मैराथन में प्रथम 100 विजेताओं से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशेष मुलाकात करेंगे।

### भूपेश राज में कस्टम मिलिंग में 175 करोड़ का घोटाला, आंकड़ा और बढ़ेगा : साव

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा कि घोटालों की सरकार का एक और काला कारनामा छत्तीसगढ़ की जनता के सामने आ गया। ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि किसानों को कर्ज के जाल में फंसाने वाले भूपेश बघेल की कृपा से मार्कफेड के अफसरों के गिरोह ने मिलकर 175 करोड़ का चावल घोटाला कर दिया। जांच एजेंसियों की जांच में यह भंडाफोड़ हुआ है कि मार्कफेड के अफसरों ने करोड़ों की रिश्वत कमाने की साजिश रचकर यह घोटालेबाजी की। इसमें भूपेश सरकार की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि जिस अधिकारी मनोज सोनी पर भ्रष्टाचार के आरोप है राज्य सरकार ने लगातार उनका एक्सटेंशन किया है वो बने रहे इसके लिए कई आदेश निकाले है इससे यह बात पुख्ता होती है की सरकार ने कितने योजनाबद्ध तरीके से षडयंत्र पूर्वक भ्रष्टाचार किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि ईडी जांच में पाया गया है कि खरीफ वर्ष 2021-22 तक सरकार द्वारा धान का प्रति क्विंटल 40 रुपये भुगतान किया गया। धान की कस्टम मिलिंग के लिए दी जाने वाली रकम सरकार ने तीन गुनी बढ़ा दी।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23